संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 11 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 11 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर 3,405 करोड़ की 170 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए।

# महाराष्ट्रः बच गई शिंदे सरकार..

## महाराष्ट्र में शिंदे समेत 16 की विधायकी बरकरार, स्पीकर ने कहा- उनका गुट ही असली शिवसेना

**फैसला**

**8 मुख्यमंत्री शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है**

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबईः** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। यानी एकनाथ शिंदे समेत सभी 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार रहेगी। बुधवार शाम को विधानसभा में 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को पढ़ते हुए उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। चुनाव आयोग ने भी यही फैसला दिया था।

**फैसला आने के बाद पार्टी कार्यालय के बाहर जश्न शुरू**

विधायकों की सदस्यता बहाल रहने का फैसला आने के बाद शिवसेना कार्यालय बाला साहेब भवन के बाहर जश्न शुरू हो गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर एकनाथ शिंदे जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिए

**अब उद्धव गुट के 14 विधायकों पर खतराः** शिंदे गुट के 16 विधायकों पर से तो अयोग्यता का खतरा टल गया है, लेकिन उद्धव ठाकरे के गुट में शामिल 14 विधायकों पर अयोग्य करार देने संभावना बढ़ गई है

**फैसला उद्धव के लिए बड़ा झटकाः रामदास अठावले**

रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास अठावले ने कहा- यह उद्धव ठाकरे के लिए बहुत बड़ा झटका है। एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री रहेंगे। शिंदे का गुट ही असली शिवसेना रहेगी। इसका लाभ आने वाले लोकसभा चुनाव में मिलेगा।

**गोगावले ही असली चीफ व्हिप**

स्पीकर ने कहा- ये साफ है कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप न्युक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चुनाव आयोग ने इसी गुट को असली शिवसेना माना है, इसलिए चीफ व्हिप के रूप में भरत गोगावले की नियुक्ति सही है। सुनील प्रभू को विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था।

### स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले से शिंदे गुट में खुशी



**स्पीकर** के फैसला सुनाते ही शिंदे गुट के विधायकों के चेहरे पर खुशी छा गई। सांसद राहुल शेवाले ने फैसले पर खुशी जताई।

**उद्धव के पास शिंदे को हटाने का अधिकार नहीं थाः** स्पीकर ने कहा- शिवसेना संविधान के अनुसार पक्ष प्रमुख अकेले किसी को भी पार्टी से नहीं निकाल सकते। शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाने का फैसला उद्धव का था, पार्टी का नहीं। अगर किसी पदाधिकारी को हटाना है तो इसके लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रतिनिधि सभा का बहुमत जरूरी है। स्पीकर ने कहा- उद्धव ठाकरे गुट की तरफ से दिए गए पार्टी के कॉन्स्टिट्यूशन पर तारीख नहीं थी, इसलिए वो मान्य नहीं किया गया। शिवसेना का 1999 का संविधान हमने आधार माना है। 2018 का संशोधित संविधान चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है। इसलिए हमने 1999 वाले संविधान को आधार माना है।



### ठाकरे गुट कांग्रेस में विलीन होगाः शिंदे गुट के विधायक

**शिंदे** गुट के विधायक संजय सिरसाट ने कहा- हमने कोई गुट नहीं बनाया है। हम ही असली शिवसेना हैं।

हमने नियम के मुताबिक फैसला लिया। चुनाव आयोग ने हमें ही शिवसेना माना और कोर्ट ने भी चुनाव आयोग के फैसले को स्टे नहीं दिया। ठाकरे गुट कांग्रेस में विलीन होगा

### स्पीकर का नार्को टेस्ट होः उद्धव गुट

**अकोला** जिले के बालापुर से उद्धव ठाकरे गुट के विधायक नितिन देशमुख ने कहा कि स्पीकर राहुल नार्वेकर का नार्को टेस्ट होना चाहिए। इससे यह क्लियर होगा कि नार्वेकर कहीं किसी के दबाव में तो फैसला नहीं ले रहे हैं।

**शिंदे गुट के चीफ व्हिप ने जय श्रीराम का नारा लगाया**

शिंदे गुट के चीफ व्हिप भरत भोगावले ने सेंट्रल हॉल में आते ही जय श्रीराम का नारा लगाया। इससे पहले मंत्री दीपक केसरकर (शिंदे गुट) और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे (ठाकरे गुट) ने एक दूसरे का अभिवादन किया।

**शिंदे के घर की सुरक्षा बढ़ाईः** ठाणे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निजी घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां पुलिस भी अलर्ट है।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं जाएंगे सोनिया-खड़गे

## भाजपा और संघ ने राजनीतिक फायदे के लिए इसे इवेंट बनायाः कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अयोध्या में** 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से कांग्रेस ने इनकार कर दिया है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन समेत सभी कांग्रेस नेता इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने कहा है कि ये कार्यक्रम भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए आयोजित किया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक लेटर शेयर किया है, जिसमें उसने राम मंदिर के उद्घाटन में न जाने के फैसले का कारण बताया है। इसमें कांग्रेस ने लिखा है कि धर्म निजी मामला है, लेकिन बीजेपी/संघ ने मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को अपना इवेंट बना लिया है। इसे लेकर भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में राम मंदिर के लिए कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में देरी की। इसलिए, कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक तौर पर यह कहना कि वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होगी, इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। पिछले महीने कांग्रेस प्रेसिडेंट और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के लीडर अधीर रंजन चौधरी को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला था।

**ठुकराया**

**8 धर्म निजी मामला है, लेकिन बीजेपी/संघ ने मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को अपना इवेंट बना लिया है : कांग्रेस**

**फास्ट न्यूज**

### 22 जनवरी को गोवा में छुट्टी की घोषणा

**पणजी।** गोवा सरकार ने बुधवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के मद्देनजर 22 जनवरी को सरकारी कर्मचारियों और स्कूलों के लिए छुट्टी की घोषणा की। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कैबिनेट बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि इस दिन को दिवाली की तरह मनाया जाना चाहिए और इसलिए सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए छुट्टी घोषित करने का फैसला किया है।सीएम सावंत ने कहा, "स्कूलों के साथ-साथ केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश होगा।" तटीय राज्य में लोगों से समारोह मनाने की अपील करने वाले कई कार्यक्रम चल रहे हैं।

### क्या 'चिन कुकी' समुदाय खो देगा एसटी का दर्जा?

**इंफालः** चिन कुकी समुदाय राज्य की अनुसूचित जनजाति सूची में रहेगा या नहीं, यह तय करने के लिए एक सर्व-जनजाति समिति का गठन किया जाएगा। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का यह बयान केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय के एक पत्र के मद्देनजर आया है। बता दें कि इस पत्र में मणिपुर की एसटी सूची से 'खानाबदोश चिन कुकी' समुदाय को हटाने की मांग पर राज्य सरकार के विचार मांगे गए हैं।

**किसने की चिन कुकी' समुदाय को हटाने की मांग?**

यह मांग रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के राष्ट्रीय सचिव महेश्वर थौनाओजम ने की थी। उन्होंने दावा किया था कि उस समुदाय के सदस्य भारत के मूल निवासी नहीं बल्कि अप्रवासी हैं। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'चिन कुकी समुदाय को मणिपुर की (एसटी) सूची में शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें कैसे शामिल किया गया, इसकी दोबारा जांच की जानी चाहिए। कोई टिप्पणी करने से पहले, हमें (राज्य की) सभी जनजातियों को मिलाकर एक समिति बनानी होगी।'

**कौन हैं चिन समुदाय?**

सिंह ने कहा कि पैनल की सिफारिशें मिलने के बाद राज्य सरकार इस मामले पर अपना विचार भेज सकेगी। जानकारी के लिए बता दें कि कुकी मणिपुर की विभिन्न जनजातियों का सामूहिक नाम है और चिन उनमें से एक है। चिन समुदाय के लोग मिजोरम के मिजोस और पड़ोसी म्यांमार के निवासियों के एक वर्ग के साथ जातीयता भी साझा करते हैं।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मणिपुर से मंजूरी नहीं

**परमिशन नहीं**

**8 यात्रा की शुरूआत यहीं से होनी है; प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले-सीएम को नहीं मना पाया**



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**कांग्रेस** की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत 14 जनवरी को मणिपुर के जिस ग्राउंड से होनी है, उसे मणिपुर सरकार ने मंजूरी नहीं दी है। 10 जनवरी को राज्य के कांग्रेस चीफ केशम मेघचंद्रा ने सीएम एन बीरेन से मुलाकात की और उनसे इस यात्रा को इंफाल के पैलेस ग्राउंस से शुरू करने की अनुमति देने की गुजारिश की, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं माने। केशम ने मीडिया को बताया कि उन्होंने सीएम को मनाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मना पाए। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को बताया कि हम इस यात्रा के दौरान कांग्रेस का झंडा नहीं फहराएंगे, न ही ये यात्रा राजनीतिक होगी। इसके बावजूद सीएम का इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब हम इस यात्रा को थोउबल जिले में प्राइवेट प्रॉपर्टी से शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। सीएम बीरेन सिंह ने कहा था कि कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अनुमति देने पर सक्रियता से विचार चल रहा है।

## भारत विरोधी बयान पर मालदीव में दो फाड़

**माले (मालदीव)ः** मोहम्मद मुइज्जू सरकार के मंत्री के जरिए पीएम मोदी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीतिक भूचाल आ चुका है। मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भारत के साथ बिगड़ते रिश्तों के लिए मोहम्मद मुइज्जू सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। नसीम ने देश के संसद अध्यक्ष से इस मामले पर विदेश मंत्री को संसद में तलब करने का आग्रह किया है। अहमद नसीम ने कहा,"पीएम मोदी और भारत के खिलाफ की गई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टिप्पणियों पर पूछताछ के लिए मैंने संसद अध्यक्ष से विदेश मंत्री को संसद में तलब करने की गुजारिश की है।"



वाईब्रेंट गुजरात समिच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, राज्यपाल और अन्य नेता मौजूद रहे।

# यू.आई.आई.डी.बी. की पहली बोर्ड बैठक आयोजित हुई



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यू.आई.आई.डी.बी.) की पहली बोर्ड बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव डॉ.एस.एस.संधु, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव मुख्यमंत्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, विनय शंकर पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बोर्ड एवं कार्य समिति की संरचना के साथ ही 10 करोड के प्रारम्भिक कॉरपस कोष के गठन को भी मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी परियोजनाओं की पहचान कर उनका प्राथमिकता के साथ उनका सफल क्रियान्वयन हो इस पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। राज्य में हवाई अड्डों के विकास एवं विस्तार, दूरसंचार अवसंरचना, मेडिकल कॉलेजों के विकास, नई टाउनशिप-आवास, औद्योगिक लॉजिस्टिक गलियारे, पर्यटन संबंधी निर्माण विकास जैसी बुनियादी ढांचे के क्षेत्र की परियोजनाओं के विकास के लिए अत्यधिक पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है।

उन्होंने कहा कि राज्य में वित्तीय संसाधनों की सीमितता के दृष्टिगत राज्य के आधारभूत अवसंरचनात्मक ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इस क्षेत्र के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पूंजी निवेशकों को आकर्षित किया जाना आवश्यक है।

**क्रियान्वयन**

**8 कार्य समिति की संरचना के साथ ही 10 करोड के प्रारम्भिक कॉरपस कोष के गठन को भी मंजूरी दी गई**

# अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अर्जुन अवार्ड से पुरस्कृत प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी व कोच मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करने आए थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के तहत अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती) व दीक्षा डागर (गोल्फ) को बधाई दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन खिलाड़ियों से सुझाव मांगे कि किस प्रकार से हरियाणा में खेलों को और बढ़ावा दिया जा सकता है। इस पर खिलाड़ियों ने हरियाणा की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और युवा वर्ग व बच्चे इस खेल नीति से प्रभावित होकर खेलों की ओर आकर्षित हुए हैं। प्रदेश के गांवों में युवा अब खेलों में भविष्य बनाने के लिए अभ्यास कर रहे हैं।

**मेडल विजेताओं को सबसे अधिक कैश अवार्ड दे रहा हरियाणाः** मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से विचार सांझा करते हुए कहा कि देश में मेडल विजेताओं को सबसे अधिक कैश अवार्ड हरियाणा में दिए जा रहे है।



**गर्व का पल**

**8 गांव स्तर पर खेल आधारभूत ढांचा करेंगे मजबूत, खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों से मांगे सुझाव**

# 'महिला सीईओ ने बच्चे का मर्डर प्लान किया'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**बेंगलुरु की स्टार्ट**अप कंपनी की सीईओ सूचना सेठ ने अपने 4 साल के बेटे की हत्या प्लान की थी। इसी प्लानिंग के तहत 39 साल की सूचना अपने बेटे को लेकर गोवा आई और होटल रूम में उसका मर्डर किया। गोवा पुलिस ने मर्डर के दो दिन बाद बुधवार को इस बात की आशंका जाहिर की है। गोवा पुलिस के मुताबिक, जिस होटल के कमरे में महिला रुकी हुई थी, वहां से कफ सिरप की दो खाली बॉटल्स बरामद हुई हैं। पुलिस को शक है कि मर्डर से पहले सूचना ने अपने बेटे को कफ सिरप की हैवी डोज दी होगी। सूचना ने कफ सिरप की एक बॉटल होटल के एक स्टाफ से मंगवाई थी। सूचना ने कहा था कि उसे खांसी है। इधर, बच्चे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी सामने आई है। कर्नाटक के हिरियूर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर कुमार नाइक ने बताया कि बच्चे की हत्या गला घोंटकर की गई है।

## पंजाबः 'वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेटें लगाई जाए'

**चंडीगढ़ः** पंजाब के परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने आज लोगों को अपने वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेटें लगाने की अपील की है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हुक्मों और केंद्रीय सड़की यातायात और राजमार्ग मंत्रालय की नोटिफिकेशन अनुसार वाहनों पर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट (एच.एस.आर.पी) लगाना लाजिमी है। इन दिशा-निदेशों के अंतर्गत ही पंजाब राज्य में भी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट सभी वाहनों के लिए लाजिमी की गई है।

**जनकल्याण** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के बलडूहक में जन समस्याओं का निपटारा किया

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर रही सरकारः सीएम


**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को हमीरपुर जिले के नादौन विधानसभा क्षेत्र के बलडूहक में जन समस्याओं का निपटारा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलडूहक से चोडू वाया बताल सडक और क्षेत्र के सभी संपर्क मार्गों को इस वर्ष गर्मियों से पहले दुरूस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे भी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न नीतियों एवं कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न सरकारी विभागों में 20,000 भर्तियां करने जा रही है। पुलिस भर्ती में महिला आरक्षण को बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। युवाओं को सरकारी रोजगार प्रदान करने के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के भी राज्य सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने युवाओं के लिए स्टार्ट-अप योजना लाने का वादा किया था, जिसे पूरा कर दिया है। 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के पहले चरण के तहत ई-टैक्सी योजना शुरू की गई है। राज्य सरकार ई-टैक्सी की खरीद के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान कर रही है तथा उन्हें निश्चित आय भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए भी राज्य सरकार आर्थिक मदद प्रदान करेगी और 25 वर्ष तक उनसे बिजली की खरीद करेगी, ताकि उन्हें निश्चित आय प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए आगामी बजट में प्राकृतिक खेती पर आधारित निश्चित आय प्रदान करने वाली योजना लाई जाएगी तथा अधिकारियों को इस योजना का प्रारूप तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।



**विकासत्मक कार्य**

**8 हिमाचल में कैंसर का सबसे बड़ा संस्थान तथा नर्सिंग कॉलेज हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में बनने जा रहे**









# केजरीवाल को अभी तक नहीं मिला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

## सीएम अरविंद केजरीवाल को अभी तक समारोह में शामिल होने के लिए कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है

**निमंत्रण**

**8 मुख्यमंत्री को कुछ दिन पहले एक पत्र मिला था, जिसमें बताया गया था कि उन्हें अपनी तारीखें रोक लेनी चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**22 जनवरी** को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह हो रहा है। इसके लिए देशभर के राजनेताओं को निमंत्रण भेजा जा रहा है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी तक समारोह में शामिल के लिए कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है। आप के सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री को कुछ दिन पहले एक पत्र मिला था, जिसमें बताया गया था कि उन्हें अपनी तारीखें रोक लेनी चाहिए और विवरण के साथ एक औपचारिक निमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं आया है।" हालांकि, विश्व हिंदू परिषद के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि कुछ दिन पहले केजरीवाल को एक "निमंत्रण" भेजा गया था। वीएचपी के पदाधिकारी दावा किया कि, मैं इसकी पुष्टि करता हूं कि उन्हें समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है।





### वयंसेवकों के माध्यम से सभी मेहमानों को हाथ से वितरित किए जा रहा

लेकिन उन्हें निमंत्रण व्यक्तिगत रूप से भेजा गया, या डाक के जरिए या डिजिटल के जरिए, इसकी पुष्टि नहीं कर सकता हूं। आधिकारिक सूत्रों ने पहले कहा था कि अयोध्या में प्राष प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण कार्ड मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के माध्यम से "सभी मेहमानों को हाथ से वितरित" किए जा रहे हैं। इसके अलावा, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्य, वीएचपी और उनके सहयोगी भी निमंत्रण देने में सहायता कर रहे हैं।

शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि कुछ दिन पहले केजरीवाल को एक "निमंत्रण" भेजा गया था। वीएचपी के पदाधिकारी दावा किया कि, मैं इसकी पुष्टि करता हूं कि उन्हें समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है।

**यह बीजेपी और आरएसएस का इवेंट- कांग्रेस**

बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का न्योता कांग्रेस ने अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस ने समारोह को बीजेपी और आरएसएस का इवेंट करार देते हुए इसे सम्मानपूर्वक अस्वीकार किया। कांग्रेस के मुताबिक, बीजेपी अधूरे मंदिर का उद्घाटन राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है।

### 'जैसे कांग्रेस ने समारोह का बहिष्कार किया, वैसे ही...'

**नई दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। इस बीच कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण ठुकरा दिया है। कांग्रेस ने इस समारोह को बीजेपी और आरएसएस का इवेंट करार दिया है। कांग्रेस द्वारा निमंत्रण को अस्वीकार करने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पार्टी पर हमला किया।

उन्होंने कहा, "ये वही कांग्रेस है जिसने भगवान राम को काल्पनिक बताया था। आज जब कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया है तो साफ देखा जा सकता है कि आने वाले भविष्य में भारत की जनता भी उनका बहिष्कार करेगी।"

# वांछित कुख्यात प्रिंस तेवतिया गिरोह का बदमाश गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात प्रिंस तेवतिया गिरोह के फरार बदमाश तरनजीत सिंह उर्फ गिन्नी को गिरफ्तार किया है। यह दिल्ली कैंट के फॉर्च्यूनर कार लूटने के मामले में वांछित था। तरनजीत सिंह पहले पकड़ी बांधता था। पकड़े जाने से बचने के लिए उसने बाल कटवा लिए थे। डीसीपी आलोक कुमार के मुताबिक तरनजीत सिंह, गांव नूरपुरा, फतेहगढ़, पंजाब का रहने वाला है। वह पंजाब के उद्योग विहार, फेज-सात, सेक्टर 35 में परिवार के साथ छिपकर रह रहा था। पांच जनवरी को उसे गुरूग्राम, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया।

**2022 से था फरार:** वारदात के बाद 2022 से तरनजीत सिंह फरार था। स्पेशल सेल को फरार अपराधी तरनजीत सिंह के बारे में सूचना मिली थी कि वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में अपने ठिकाने बदल रहा था। तीन माह से अधिक के अथक प्रयास के बाद पुलिस टीम ने तरनजीत सिंह को गुरुग्राम से दबोच लिया।

**प्रिंस तेवतिया की पिछले साल हुई हत्या:** तरनजीत सिंह, प्रिंस तेवतिया गिरोह का सक्रिय सदस्य है। प्रिंस की पिछले साल तिहाड़ जेल में उसके प्रतिद्वंद्वी गिरोह ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस गिरोह के सदस्य दक्षिण दिल्ली में मारपीट, अपहरण, जबरन वसूली, डकैती, चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी आदि कई मामलों में शामिल हैं।

# दुर्गेश ने आग पीड़ितों को पहुंचाई राहत

**मदद**

**8 विधायक ने तुरंत सभी पीड़ितों के लिए खाना, सोने के लिए गद्दे-रजाई, पानी आदि की व्यवस्था कराई**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

विधानसभा राजेंद्र नगर के लोहा मंडी नेपाली पार्क में दो दिन पहले आग लगने से वहां बसे लोगों की झुग्गियां उजड़ गईं। दमकल विभाग एवं स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। विधायक दुर्गेश पाठक ने तुरंत सभी पीड़ितों के लिए खाना, वाटरप्रूफ टेंट, सोने के लिए गद्दे-रजाई, पानी आदि की व्यवस्था कराई। दुर्गेश पाठक ने अपने बयान में कहा कि लोहा मंडी के नेपाली पार्क में बहुत ही दुखद घटना हुई है। आग लगने की खबर मिलते ही हम सब घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ितों से मिले। ऐसे में पूरी रात हमने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीड़ितों के रहने और खाने का इंतजाम किया।

# कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास मिला शख्स का शव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


**कन्हैया** नगर मेट्रो स्टेशन के पास बुधवार की सुबह एक अधेड़ का शव मिला। अधेड़ की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन ठंड से मृत्यु की आशंका व्यक्त की जा रही है। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पास के ही एक अस्पताल के मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी है।

**पुलिस ने ठंड से मरने की आशंका व्यक्त की:** जानकारी के मुताबिक कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास करीब 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिला। पुलिस को शव के पास ही कंबल, बिस्तर के अलावा कई

**शिनाख्त**

**8 मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पास के ही एक अस्पताल के मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है**

सामान मिले हैं। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि अधेड़ रात में यहीं सोता था। ठंड लगने से मौत हो गई हो। अधेड़ के पास से कोई ऐसे कागजात नहीं मिले हैं, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। जानकारी के मुताबिक मेट्रो स्टेशन के आसपास कई ई-रिक्शा चालक रात के समय सोते हैं।



नई दिल्ली के जखीरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान एक लाभार्थी।

# 'पूर्व विधायकों के खिलाफ भी एमपी-एमएलए कोर्ट कर सकती है सुनवाई'





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि विधानसभा के पूर्व सदस्यों के खिलाफ भी एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट सुनवाई कर सकती है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया, जिसमें उन्होंने खुद को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट की ओर से ट्रायल करने के आदेश को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान मनजिंदर सिंह सिरसा की ओर से वकील आरके हांडु ने कहा कि स्पेशल कोर्ट गठित करने के पीछे उद्देश्य था कि वर्तमान विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की तेजी से सुनवाई हो। इस कोर्ट का क्षेत्राधिकार उन नेताओं के खिलाफ नहीं हो सकता, जिनकी विधानसभा सदस्यता खत्म हो चुकी हो। हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के अश्विनी कुमार उपाध्याय के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि स्पेशल कोर्ट वर्तमान या पूर्व सांसदों और

**सवाल**

**8 इस कोर्ट का क्षेत्राधिकार उन नेताओं के खिलाफ नहीं हो सकता, जिनकी विस सदस्यता खत्म हो चुकी हो**

विधायकों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर सकती है। हाई कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में ऐसा कहीं नहीं कहा कि स्पेशल कोर्ट केवल वर्तमान सांसद या विधायक के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान ही दर्ज मामले की सुनवाई कर सकती है। दरअसल, मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ मनजीत सिंह जीके ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में आपराधिक अवमानना याचिका दायर की है। मनजीत सिंह जीके ने सिरसा के अलावा हरमीत सिंह कालका और जगदीप सिंह कहलोन को आरोपित बनाया है।

# संजय सिंह 12 जनवरी को आएंगे तिहाड़ से बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों से कहा है कि वे आप सांसद संजय सिंह को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर के दफ्तर लेकर जाएं, ताकि वह राज्यसभा चुनाव के लिए सर्टिफिकेट हासिल कर सकें। कोर्ट ने राज्यसभा सांसद को 12 जनवरी को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच ले जाने का निर्देश दिया है। बता दें, संजय सिंह ने बीते 8 जनवरी को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था। उन्हें कोर्ट ने फिजिकली रिटर्निंग ऑफिसर के पास जाकर पर्चा भरने का आदेश दिया था। वहीं बुधवार को संजय सिंह और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को कोर्ट में पेश किया गया था, लेकिन अदालत ने उन्हें जमानत नहीं दी।



वहीं राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सर्वेश मिश्रा को अंतरिम जमानत दे दी। मिश्रा का नाम संजय सिंह के साथ दिल्ली शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोप पत्र में शामिल है।


**4 अक्टूबर को संजय सिंह हुए थे गिरफ्तार:** बता दें, संजय सिंह को ईडी ने 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उनपर मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया गया है। 2 दिसंबर को ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला मामले से

**आदेश**

**8 संजय को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर के दफ्तर लेकर जाएं, ताकि वह सर्टिफिकेट हासिल कर सके**

संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह और उनके कथित सहयोगी सर्वेश मिश्रा के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। बता दें, हाल ही में आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के लिए संजय सिंह को दोबारा उम्मीदवार बनाया था। वहीं स्वाति मालीवाल पहली बार प्रत्याशी बनीं। एनडी गुप्ता को भी फिर से राज्यसभा जाने का मौका मिलेगा।

# सेंट्रल रिज में सेना ने काटे कई पेड़, रक्षा मंत्रालय को नोटिस





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सेना मुख्यालय में काटे गए पेड़ के लिए रक्षा मंत्रालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। एक रिपोर्ट का संज्ञान लेकर एनजीटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने रक्षा मंत्रालय सचिव, दिल्ली के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष और दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। तीन मार्च को होगी अगली सुनवाई

एनजीटी ने नोट किया कि सेंट्रल रिज में 8.78 जगह खाली करने के लिए सेना मुख्यालय ने कई पेड़ों को काटा है।

# दर्दनाक घटना: कोयले की भट्टी से निकली जहरीली गैस, मौत के मुंह में समा गए पति-पत्नी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के द्वारका इलाके में दर्दनाक घटना हो गई। एक** कोयले की भट्टी से कुछ जहरीली गैस निकलने से पति-पत्नी की मौत हो गई। कोयले की भट्टी उनके कमरे में जल रही थी। मृतकों की पहचान मानव और नेहा के रूप में हुई है।

घटना में बचे उनके दो महीने के बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि द्वारका सेक्टर-23 पुलिस स्टेशन को सुबह 9:30 बजे दंपती के पड़ोसी से घटना के बारे में फोन आया। फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बच्चे के रोने की आवाज सुनी और जब उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो किसी ने जवाब नहीं दिया। इस दौरान पड़ोसियों ने एक खिड़की तोड़ दी और घर में प्रवेश किया। अधिकारी ने कहा



कि उन्होंने दंपती को फर्श पर बेहोश देखा। इसके तुरंत बाद उन्हें इंदिरा गांधी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मानव और नेहा मजदूरी का काम करते थे। पुलिस ने प्राथमिक जांच में पाया कि बंद कमरे के अंदर रखे जलते कोयले के ब्रेजियर से जहरीली गैस निकलने के कारण दंपति की मौत हो गई।

# वकील को छह महीने के लिए खानी पड़ेगी जेल की हवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली हाईकोर्ट** ने एक वकील को अदालत की अवमानना के तहत छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने वकील को एक दुष्कर्म पीड़िता की ओर से एक आपराधिक अपील में उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ निंदनीय आरोप लगाने का दोषी पाया।

जस्टिस सुरेश कुमार कैट और शैलेंद्र कौर की खंडपीठ ने छह महीने की जेल के साथ-साथ दो हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। कोर्ट ने कहा कि एक वकील जो कि कोर्ट का अधिकारी होता है, उसने जजों के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाए थे। उसने ऐसा सिर्फ इसलिए किया क्योंकि उनके अपील को कोर्ट ने खारिज कर दिया।



अदालत ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए एक्शन लेना अनिवार्य था।

**कोर्ट ने वकील से माफी मांगने को कहा था:** हालांकि वकील को अवमानना मामले में माफी मांगने को कहा गया था, लेकिन वकील अपने आरोपों पर बना हुआ था। वकील ने दावा किया कि जज आरोपी शख्स को लेकर पक्षपात कर रहे हैं। इसके बाद अदालत ने पाया कि वह अपने बयान पर कायम है, तब उसे अवमानना का दोषी ठहराया गया। पीठ ने तिहाड़ जेल ले जाने से पहले वकील के अनुरोधों को पूरा करने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है।

**वकील को कोर्ट ने नोटिस जारी**

**फैसला**

**8 वकील ने निचली अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप लगाए थे**

**किया था:** वकील ने आपराधिक अपील में निचली अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप लगाए थे। इसके बाद उसपर अवमानना की कार्रवाई शुरू की गई थी। एकल न्यायाधीश ने वकील को नोटिस जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि वकील ने जानबूझकर अदालत की गरिमा और सम्मान को कम करने की कोशिश की है।

# अपलोड होने के बाद नहीं की जा सकती नंबरों में सुधार की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

छात्र के आतंरिक मूल्यांकन अंक से जुड़े एक मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि एक बार जब कोई स्कूल किसी छात्र के आंतरिक मूल्यांकन अंक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की वेबसाइट पर अपलोड कर देता है, तो वह अंक अपलोड करते समय कोई त्रुटि होने पर भी कोई सुधार नहीं मांग सकता है। अगर स्कूलों को सीबीएसई की वेबसाइट पर छात्रों के अंक अपलोड करते समय त्रुटियां करने की अनुमति दी जाती है और इसके बाद बोर्ड को अपने स्तर पर दिए गए अंकों को सही करने के लिए कहा जाता है तो इससे अराजकता होगी।

# कुकर्म का विरोध करने पर बेल्ट से पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मध्य** जिला के करोलबाग इलाके में 11 साल के बच्चे के साथ एक व्यक्ति द्वारा हैवानियत करने का मामला सामने आया है। आरोपित, पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे के साथ बंद पड़ी एक सरकारी डिस्पेंसरी में कुकर्म करता था और विरोध करने पर उसकी बेल्ट से पिटाई भी करता था। कई बार उसे जबरन सिगरेट भी पिलाता था।

**खून से लथपथ मासूम ने घरवालों को बताई आपबीती:** स्वजन से शिकायत करने की बात कहने पर आरोपित उसे जान से मार डालने की धमकी भी देता था। 27 दिसंबर को खून से लथपथ मासूम ने अपने घर पहुंचकर जब स्वजन को घटना के बारे में बताया तब उसे पहले उपचार के लिए एक नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने के बाद स्वजन ने पुलिस में शिकायत की।



**हैवानियत**

**8 वजन से शिकायत करने की बात कहने पर आरोपित उसे जान से मार डालने की धमकी भी देता था**

करोलबाग थाना पुलिस ने आरोपित बंसीलाल उर्फ पप्पू के खिलाफ मारपीट, अपहरण, कुकर्म व पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। तीस हजारी कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपित को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक पीड़ित बच्चा अपने परिवार के साथ करोलबाग इलाके में रहता है और पास के एक सरकारी स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ता है।

क्या है पूरा मामला?

27 दिसंबर की रात पीड़ित बच्चा जब घर आया तब उसकी पेंट से खून बह रहा था। स्वजन ने जब उसे नजदीकी डॉक्टर को दिखाया तब कुकर्म किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए योजना के तहत हत्या करने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा अपराध अधिकतर वारदातों में शामिल अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान सिंह की टीम ने 22 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दीपक(22) तथा नीरज(22) का नाम शामिल है। आरोपी दीपक फरीदाबाद के रोशन नगर तथा नीरज अगवानपुर गांव का रहने वाला है। दिनांक 8 जनवरी को पल्ला थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी दीपक ने अपने साथी नीरज के साथ मिलकर 22 वर्षीय अफजल की पत्थर से चोट मारकर हत्या कर दी थी। दरअसल दीपक और अफजल पुराने दोस्त थे जो गांजे का नशा करते थे और चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। दीपक तथा अफजल दोनों चोरी के मुकदमे में जेल जा चुके हैं। अफजल के खिलाफ चोरी, लड़ाई झगड़ा, अवैध हथियार के 8 मुकदमे दर्ज थे। करीब 4 महीने पहले अफजल ने नशे में किसी बात को लेकर दीपक को चाकू मार दिया था जिस संबंध में दीपक ने अफजल के खिलाफ नवीन नगर चौकी में शिकायत दी थी जिसके आधार पर अफजल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। अफजल जमानत पर जेल से बाहर आ गया और बाहर आने के पश्चात दीपक पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा वहीं दीपक अफजल से अपने ऊपर हुए हमले का बदला लेने की फिराक में था जिसने अपने साथी नीरज के साथ मिलकर अफजल को मारने की योजना बनाई और 7 जनवरी की शाम करीब 7 बजे अफजल को नशा करने का बहाना बनाकर दुर्गा बिल्डर के पास जंगल में बुला लिया जहां पर मौका देखकर दोनों आरोपियों ने अफजल के सिर में पत्थर से चोट मारी और उसके हाथ पैर तोड़ दिए तथा शव को झाड़ियां में छोड़कर फरार हो गए। डीसीपी क्राइम ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ को मामले की जिम्मेदारी सौंपी। क्राइम ब्रांच प्रभारी कप्तान सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जिसमें उपनिरीक्षक विजय, सहायक उप निरीक्षक कुलदीप, हवलदार आनंद, रोहित व अनिल तथा सिपाही विनीत व सुरेंद्र ने मामले में गुप्त सूत्रों की सहायता से त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को बजरंग चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और उनके कब्जे से वारदात में प्रयोग पत्थर व कपड़े बरामद किए जाएंगे।

### सीआपीएफ के जवान को ब्लैकमेल करने व हजारों रुपये की राशि ऐंठी

**पीड़ित के बयान पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ के जवान को ब्लैकमेल करने व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर हजारों रुपये की राशि ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ठग तक पहुंचने के लिए पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।
आरपीएफ में तैनात जवान सलेंद्र ने बताया कि वह एएसआई के पर तैनात है। उसके पास गत 4 जनवरी को कॉल आई। उसने खुद को एसीपी साइबर ब्रांच रोहणी दिल्ली बताया। कॉलर ने बताया कि उसके पास उसकी असभ्य वीडियो है। वह इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर रहा है। उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। उसने तीन-चार बार वटसअप नंबर पर वीडियो कॉल की। जिसमें वह पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। उसने उसके ऊपर दबाव बनाया।
उसे कहा कि वह मुकदमा दर्ज कर उसकी कापी हेडक्वाटर को भेज दूंगा। जिससे उसकी नौकरी खत्म हो जायेगी। अगर वीडियो डिलीट करवाने है, तो इस संबंध में फोन कॉल कर रुपये भेज दो। उसके पास आई यूपीआई आईडी पर 32500 रुपये की राशि भेज दी। वह बार-बार कॉल करके उसे रुपयों की डिमांड कर रहा है। मामले को लेकर उसने शिकायत दर्ज करवाई।

# हाइवे की सर्विस रोड पर अतिक्रमण बन रहे हादसों का कारण

**सुरक्षा**

**एसएसपी से मिले एनएचआई अधिकारी, इंस्पेक्टर ने दिया सुरक्षा का भरोसा**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हाईवे की सर्विस रोड पर अतिक्रमण हादसों का कारण बन रहे हैं। अब हाइवे आथरटी ने अतिक्रमणों को हटाने के लिए अभियान चलाया है। कोसीकलां में हाईवे किनारे हो रहे अतिक्रमणों को प्राधिकरण की



टीम ने ध्वस्त कर पूरी तरह से साफ सफाई कर दी। अब टीम की कोटवन पर इलाके में हो रहे अतिक्रमण पर नजर है। इसके लिए प्राधिकरण अधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर सुरक्षा संबंधी अपनी चिंताएं व्यक्त की। थाना पुलिस ने सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। जिसके बाद प्राधिकरण ने सोमवार को कोटवन क्षेत्र में अभियान चलाए जाने की घोषणा की है। यूपी हरियाणा बॉर्डर से शुरू हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान महीनों से विरोधाभास एवं नियमों के पालन के कारण टलता चला आ रहा था। अब प्राधिकरण ने कोसीकलां में अतिक्रमणों का साफ कर दिया। बुधवार को टीम ने कोसी में अभियान चलाकर यहां खडे अतिक्रमणों को ढहा दिया।
जिसके बाद अब अभियान कोटवन की ओर बढ गया है। यहां सुरक्षा को लेकर समस्या आ रही थी। जिसको लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों ने एसएसपी मथुरा से मुलाकात कर अपनी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को रखा। जिसके बाद टीम अधिकारी इंस्पेक्टर कोसीकलां से भी मिले। जिसके बाद थाना पुलिस ने 15 जनवरी सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियानों में पूरी सुरक्षा देने का भरोसा दिलाया है। घटना प्रबंधक नरेंद्र चौधरी ने बताया कि 15 जनवरी की सुबह से अतिक्रमण हटाओ अभियान कोटवन क्षेत्र में चलाया जाएगा। सभी अतिक्रमणों को लेकर नोटिस जारी किया जा चुका है।

### युवक से मारपीट कर घायल करने व गाली-गलौच करने का आरोप

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में फोन पर गाली-गलौच करने व दोस्तों को बुलाकर मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है।
गांव फाजिलपुर निवासी शिवराणा ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। गत 6 जनवरी को अपने दोस्त मनीष्ज्ञ के साथ था। उसी दौरान उसके फोन पर गांव का लड़का गाली-गलौच कर रहा था। उसे फोन लिया तो वह उसके साथ भी गाली-गलौच करने लगा। वह अपने दोस्त के साथ सेक्टर स्थित गेटवे स्कूल के पास आ गया। उसी दौरान काकू नाम का युवक अपने अन्य दोस्तों के साथ पहुंचा। जहां उस पर लाठी-डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। भीड़ इक्ट्ठी होती देख वह मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच

### दुकान की छत उखाड़कर 6 एलईडी व 10 हजार रुपये ले गए चोर

**-गांव पलड़ी खुर्द में दिया वारदात को अंजाम, दुकानदार ने पुलिस को दी शिकायत**
**-पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू, सीसीटीवी को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी पुलिस**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी खर्द में स्थित दुकान से लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी में कैद शख्स की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।
गांव भठगांव निवासी संदीप ने बताया कि उसने गांव पलड़ी खुर्द में अमर ज्वाला इलैक्ट्रिानिक्स के नाम से दुकान कर रखी है। दुकान से किसी ने कूलर, फ्रीज, वाशिंग मशीन, एलईडी टीवी, इनवेंटर बैटरी, सहित चार एलईडी जोकि हाल में सेल करने के लिए मंगवाई थी। किसी ने चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि दो एलईडी पहले ही ब्रिकी के लिए रखी हुई थी। किसी ने छत उखाड़कर उक्त सामान सहित गले में रखी दस हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की। सीसीटीवी की जांच की तो सीसीटीवी में चोरी करते हुए आरोपित दिखाई दे रहा है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी मंजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। क्षेत्र में लगे अन्य सीसीटीवी की रिकार्डिंग भी खंगाली जा रही है।

### दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल तीन गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित पुत्र सतपाल व अमित पुत्र रणबीर निवासी सेक्टर-23, दीपक निवासी सिसाना का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
बत्रा कॉलोनी निवासी नमन कामरा ने गत 6 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसने अपनी बाइक को दुकान के बाहर खड़ा किया था। किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

### विश्व हिंदी दिवस मनाया गया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रीमती सुमन वाला प्राचार्या की अध्यक्षता में छात्राओं के साथ विश्व हिंदी दिवस मनाया ।हिंदी माथे की बिंदी। देश की ऊंची शान करें- हम सभी हिंदी में काम करें।
हिंदी प्रवक्ता ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है विदेश में भारत के दूतावास में इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं सभी कार्यालय में विभिन्न विषयों पर हिंदी में व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं ।प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को विश्व हिंदी




दिवस के रूप में मनाया जाता है विश्व हिंदी सचिवालय मॉरीशस में स्थित है । भारतवर्ष में हिंदी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई देशों में बोली जाती है ।सभी कार्यालयों में भी हिंदी भाषा में ज्यादा कार्य किया जाता है भारत वासियों ने भी हिंदी का ज्यादा प्रचार- प्रसार करना चाहिए । इस अवसर पर संगीता गृह विज्ञान प्राध्यापिका,रेखा विज्ञान अध्यापिका, सुनील कुमारी गणित अध्यापिका, सुमन मलिक सहायक खंड संसाधक समन्वयक और विद्यार्थीगण मौजूद रहे ।

# महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**प्रदर्शन**

**महिलाओं पर हो रहे यौन उत्पीड़न को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एड. के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर महिलाओं पर हो



रहे यौन उत्पीड़न के आपराधिक मामले को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया तथा राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि इस समय प्रदेश में अराजकता का माहौल है महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। प्रशासन ऐसे अपराधियों का सहयोग कर रहा है हाल ही में बनारस में जिस छात्रा के साथ अपराध में सम्मिलित अपराधी सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी निकले। जिनको पुलिस बचाने का प्रयास कर रही थी और जिनके फोटो बीजेपी के बड़े बड़े नेताओं के साथ हैं। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा को सुनिश्चित किए जाने, बनारस की बेटियों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए अपराधियों की कडी सजा दिलाया जाना सुनिश्चित करें। यदि मांगे स्वीकार नहीं होती हैं तो कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी। इस अवसर पर राजकुमार उपाध्याय, मनोज कुमार शर्मा एड., ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत, सिम्मी बेगम, बृजेश कुमार शर्मा, प्रकाश शर्मा, अश्विनी शुक्ला, अश्विनी शर्मा, मुकेश सिसोदिया, विनय बंसल, दीपक पाठक, विजय सिंह, प्रमोद गोला, सोनू सैनी, ठाकुर प्रियपाल सिंह, बनवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पति को जेठानी से बात करने से रोका तो महिला को पीटा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
सदर थाना क्षेत्र में पति को जेठानी से बात करने से रोका तो जेठानी ने पति व बेटे के साथ आकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। परिजन उसने उपचार के लिए अस्पताल में लेकर पहुंचा। जहां उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।
गांव मनौली निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी हरसाना निवासी पवन कुमार के साथ हो रखी है। गत एक साल से उसकी जेठानी एक साल से उसके पति से फोन पर बातचीत करती है। इस संबंध में कई बार अपनी जेठानी व पति को बातचीत करने से मना किया, लेकिन उसकी बातों पर गौर नहीं किया जा रहा है। गत 8 जनवरी को उसकी जेठानी उसके पति से बातचीत कर रही थी। उसने पति से बातचीत करने से मना कर दिया। देर रात करीब 8.30 बजे उसका जेठ, जेठानी, व उसका लड़का घर पर पहुंचे। जहां आते ही उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पड़ौसी इक्ट्ठा होने लगे। तीनों उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजन उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहा चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी जोगिंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला उत्पीड़न किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### शिक्षा के मंदिर से गैंस सिलेंडर सहित सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
मोहाना थाना क्षेत्र के गांव जाजी स्थित सरकारी स्कूल से गैंस सिलेंडर सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल के इंचार्ज ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।
गांव बड़वासनी निवासी राजबीर ने बताया कि वह गांव जाजी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाल जाजी में बतौर इंचार्ज के तौर पर कार्यरत है। स्कूल में मिड-डे मील का खाना बनता है। गत 9 जनवरी को स्कूल के चौकीदार प्रमोद ने बताया कि वह खाना-खाने के लिए घर पर गया था। वापिस स्कूल से आकर देखा तो स्कूल की रसोई का कुंडा टूटा हुआ मिला। किसी ने रसोई घर से दो सिलेंडर, एक चूल्हा,रेंगू लेटर पाइप सहित अन्य सामान चोरी हो पाया गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल चोरी

## पीड़ित के बयान पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

**कार्यवाही**

**जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
शहर थाना क्षेत्र के छोटू राम चौक पर मलिक कॉलोनी स्थित दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि व मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
गांव बाघडू निवासी अमित ने बताया कि उसने गोहाना मैन रोड पर गली नंबर मलिक कॉलोनी में मोबाइल की दुकान कर रखी है। गत 9 जनवरी को वह काम खत्म करके घर चला गा। अगले दिन पड़ोसी की कॉल आई। उसने बताया कि दुकान के ताले टूटे हुए पड़े है। सूचना के बाद वह दुकान पर पहुंचा। जहां सामान की जांच की तो दुकान के अंदर से दस पुराने फोन, सात हजार रुपये की राशि सहित अन्य सामान गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मोहित की हत्या के मामले में आरोपी को देसी कट्टे सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने 26 अक्टूबर 2022 को लाठी-डंडों से चोट मारकर की गई मोहित की हत्या के मामले में 16वे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में इससे पहले वारदात के मुख्य आरोपी करण तथा उसके पिता मुकेश, राहुल विशाल, कुनाल, सुमित, शुभम, निशांत, संजय,आकाश, विनय, शुभम, भोला उर्फ राजकुमार, हर्ष को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में अभी 2 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है



जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अभिषेक है। आरोपी फरीदाबाद के महावतपुर गांव का रहने वाला है। 26 अक्टूबर 2022 को मृतक मोहित की पत्नी द्वारा भूपानी थाने में शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि 25/26 अक्टूबर की रात आरोपी व उसके 17-18 अन्य साथियों ने कुल्हाड़ी लाठी व डंडों से चोट मारकर मोहित तथा मोहित के साथी नवीन को गंभीर रूप से घायल कर दिया।
पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मोहित और नवीन को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मोहित के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों के हवाले किया गया।
मोहित की पत्नी की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई।
इस मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने वारदात की मुख्य आरोपी करण को 26 अक्टूबर 2022 को ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके पश्चात नवंबर 2022 में आरोपी करण के पिता आरोपी मुकेश और अन्य साथियों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आरोपी अभिषेक फरार चल रहा था जिस पर दिसंबर 2023 में 5000 का इनाम घोषित किया गया था। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी अभिषेक को सेक्टर 12 से देशी कट्टे और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया।
आरोपी के खिलाफ सेंट्रल थाने में अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी देहा निवासी मोहित के मर्डर के मामले में शामिल था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों पक्षों की किसी बात को लेकर रंजिश थी जिसके चलते आरोपियों ने मोहित की हत्या कर दी।
वारदात के पश्चात आरोपी फरार हो गया और पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए नोएडा में अपने किसी जानकारी के पास फरारी काटने लगा जो अपने किसी जानकार से मिलने के लिए सेक्टर 12 आया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# धोखाधड़ी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**पूछताछ**

**उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल सांगवान निवासी जनता कॉलोनी रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।
टीडीआई सिटी कुंडली निवासी हर्ष शर्मा ने 2 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 16 दिसंबर को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें पार्ट टाइम जॉब करने के लिए कहा गया। उसने झांसे में लेकर उसे तीन लाख 98 हजार पांच सौ रुपये ले लिए। उसने वापिस रुपये देने की डिमांड की, लेकिन वापिस रुपये नहीं दिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
जांच अधिकारी उप निरीक्षक ओमवीर कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई: संजीव कौशल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**हरियाणा के** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में अवैध खनन की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें तथा अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाए। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिला टास्क फोर्स की मासिक बैठक नियमित रूप से की जाए।

मुख्य सचिव बुधवार को अवैध खनन को रोकने के लिए गठित स्टेट टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखें, जल्दी ही दृष्य द्वारा और ड्रोनों की खरीद की जाएगी। उन्होंने एन्फोर्समेंट बढ़ाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश, आर.टी.ए. व पुलिस अधिकारी चालान करे तथा एफआईआर दर्ज करवाएं। वीसी में जिला स्तरीय कमेटी के चेयरमैन एवं उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सर्तक है। पुलिस, आरटीए तथा खनन विभाग के अधिकारी हर गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिला टास्क फोर्स की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि अप्रैल 2023 से दिसंबर 2023 तक जिला में अवैध खनन में संलिप्त पाए गए 66 वाहनों को जब्त किया गया और 5 लाख 61 हजार 160 रुपये की जुमार्ना लगाया गया। अवैध खनन में दोषी 23 व्यक्तियों की सम्बंधित थानो में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई। उपायुक्त ने जिला खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि जो वाहन अवैध खनन में संलिप्त पाए जाएं, उनको पकडकर जब्त कर लें। आर.टी.ए. अधिकारी ओवरलोडिंग के चालान करें, बाकी के चालान पुलिस की ओर से किए जाएं। अवैध खनन रोकने के लिए एन्फोर्समेंट बढ़ाई जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन व जिला खनन अधिकारी कमलेश मौजूद रही।

### मोटरसाइकिल चोर काबू, एक मोटरसाइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट ने आरोपी सुनील कुमार उर्फ शीला पुत्र रामपाल वासी घरौंडा को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपी सुनील कुमार की निशानदेही पर उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी सुनील ने 11 नवंबर को शिकायतकर्ता सोहन वासी सदरपुर घरौंडा की मोटरसाइकिल पुराने बस अड्डा करनाल से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर में व्हीकल चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस तफ्तीश में पाया गया कि आरोपी सुनील उर्फ शीला आदतन अपराधी है, जो कि जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी सुनील के खिलाफ पहले भी व्हीकल चोरी के करीब दस मुकदमें दर्ज हैं, जिनमें आरोपी जेल में बंद है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एक किलो 300 ग्राम चूरा पोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी नरेंद्र उर्फ सन्नी पुत्र हरभजन सिंह वासी रामपुरा कटाबाग सूरजनगर करनाल को सुरजनगर से काबू कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से पॉलीथिन में एक किलो 300 ग्राम चूरा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी नरेंद्र एक ट्रक ड्राइवर है, जो कि यह चूरा पोस्त उत्तर प्रदेश से एक ढाबा से अनजान व्यक्ति से लाया था। आरोपी चूरा पोस्त के सेवन करने का भी आदी है और चूरा पोस्त को नशा करने वाले व्यक्तियों को ऊंची कीमत में बेचकर पैसे भी कमाता है।

# गर्लफ्रेंड ने किया पहलवान बॉयफ्रेंड का मर्डर

## सर पर नुकीले हथियार से वार किए गए, हत्या के वक्त उसका मानसिक दिव्यांग पति भी घर पर ही था

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/ राजकुमार प्रिंस। जिले में मुंबई** की शादीशुदा गर्लफ्रेंड ने पहलवान बॉयफ्रेंड की घर में हत्या कर दी। उसके सिर पर नुकीले हथियार से वार किए गए। हत्या के वक्त उसका मानसिक दिव्यांग पति भी घर पर ही था। कत्ल के दौरान घर की दीवारों और फर्श पर खून बिखर गया। वारदात के बाद महिला ने घर के सभी दरवाजे लॉक कर दिए। उसने दिव्यांग पति से फर्श और दीवार का खून साफ कराया। फिर अपने खून से सने कपड़े बदलकर पीछे के रास्ते दीवार फांदकर फरार हो गई। पहलवान सोमवार की रात गर्लफ्रेंड के घर आया था। उसकी हत्या



मंगलवार दोपहर में की गई, लेकिन इसका पता देर शाम चला। इसके बाद पुलिस ने उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक पहलवान के शव का आज पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।

पुलिस जांच के मुताबिक गांव पहलवान कृष्ण के जरीना खान उर्फ रानी से 6 साल से संबंध थे। जरीना खान मुंबई की रहने वाली है। जरीना खान की एक साल पहले ही करनाल के संगोहा गांव के कर्मजीत से शादी हुई थी। शादी के बाद भी कृष्ण और जरीना खान के प्रेम संबंध जारी रहे। कृष्ण 3 बच्चों का बाप था। उसकी एक बेटी और 2 बेटे हैं। जरीना की फिलहाल कोई संतान नहीं थी। पूर्व सरपंच ऋषिपाल ने बताया कि कृष्ण के जरीना खान से प्रेम संबंध थे, लेकिन शादीशुदा और बच्चे होने की वजह से वह उससे शादी नहीं कर सकता था। वह जरीना खान को रानी नाम देकर मुंबई से करनाल ले आया। उसने मानसिक दिव्यांग कर्मजीत की जरीना उर्फ रानी से शादी करा दी। शादी के बाद भी वह अकसर जरीना के घर आता-जाता रहता था। इनके प्रेम संबंधों के बारे में पूरे गांव को पता था।

कृष्ण के परिवार के मुताबिक उन्हें जरीना खान का फोन आया। उसने करीब 8 से 10 बार कृष्ण के घर कॉल कर कहा कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। उसे काफी चोट लगी हैं। उसे लेकर चले जाओ। हालांकि जब परिवार के लोग उसके घर पहुंचे तो दरवाजे ताला बंद थे। वह ताला तोडकर मेन दरवाजे से अंदर घुसे। अंदर कृष्ण खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके सिर से खून बह रहा था। दो कमरों के फर्श और दीवारों पर खून बिखरा हुआ था। उसका दिव्यांग पति फर्श पर बिखरा खून साफ कर रहा था। परिवार का आरोप है कि कृष्ण का मर्डर करने वाले ज्यादा लोग हैं। कृष्ण पहलवान था, ऐसे में एक महिला और दिव्यांग मिलकर उसकी हत्या नहीं कर सकते।

# वजन घटने से परेशान मां-बेटी ने नहर में कूदकर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
**जिले** में मां-बेटी ने नहर में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। दोनों घर से स्कूटी पर नहर किनारे पहुंची थी। गोताखोर नहर में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। दोनों का अभी सुराग नहीं लग पाया है। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें वजन घटने से परेशान होने की बात लिखी गई है। सुभाष कॉलोनी के रहने वाले मनोज मल्होत्रा ने कहा कि मंगलवार को वह काम पर गया हुआ था। उसकी 55 वर्षीय पत्नी मीनू और 28 वर्षीय बेटी मेघा घर पर थी। उसकी दूसरी बेटी राधिका की शादी हो रखी है। शाम को जब वह घर आया तो मीनू और मेघा उसे नहीं मिली। घर पर एक्टिवा भी नहीं थी। उसे लगा कि दोनों कुछ सामान लेने के लिए गई होंगी। काफीदेर तक मीनू और मेघा घर नहीं आई तो उसे टेंशन होने लगी। उसने




घर में जांच की तो टेबल पर एक नोट पड़ा हुआ था। इसके बाद उसने तुरंत इसकी सूचना रिश्तेदारों और पुलिस को दी। जब उन्होंने जांच शुरू की तो उनकी एक्टिवा कैथल नहर पुल के पास खड़ी मिली। मां-बेटी ने सुसाइड नोट में लिखा है कि हमारे द्वारा किए गए सुसाइड में किसी का कोई कसूर नहीं है। वेट दिन प्रतिदिन घटन के कारण हम सहन नहीं कर पाए। हमारा इलाज अस्पताल में चल रहा था। दो साल पहले भी इलाज कराया तो वेट गेन हो गया था। दोबारा प्रॉब्लम होने के कारण कमजोरी बढ़ चुकी है और अब कुछ ठीक नहीं हो रहा है।

# खंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 10 जनवरी ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर उपमंडल अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में सचिवालय के सभागार में उपमंडल के अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें एसडीएम ने गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए व जिम्मेवारियां सौंपी। गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हर वर्ष की भांति अनाज मंडी समालखा में होना निश्चित हुआ है।

एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व है और यह पर्व हर वर्ष पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य पूर्ण ढंग से आयोजित करने के लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और जिस अधिकारी एवं विभाग को जो जिम्मेवारी सौपी गई है वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह हेतु जो प्रबंधन किए जाने है वह उन्हें समय रहते पूरा करना सुनिर्श्चित करें। उपमंडल अधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस विभाग व विभिन्न स्कूलों के बच्चों की टुकडियों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा पीटी,व डम्बल प्रदर्शन तथा देश भक्ति से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगें। इस समारोह को भव्य बनाने के लिए स्कूलों के सीनियर विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए करीब सभी विभागों द्वारा विकासात्मक गतिविधियों, उपलब्धियों पर आधारित झांकियां भी निकाली जाएंगी।

### पुरानी पेंशन को लेकर एमईएस कर्मियों की हड़ताल शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आल इंडिया** डिफेंस इंप्लॉइज फेडरेशन के कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर 4 दिन की भूख हड़ताल पर बैठ गए। अम्बाला छावनी में स्थित चंडी मंदिर कैंट एमईएस वर्कर यूनियन के बैनर तले कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की मांग के लिए भूख हड़ताल पर बैठे। आपको बता दें कि सोमवार सुबह सीडब्ल्यूई चंडी मंदिर के मेन गेट पर मीटिंग की गई तत्पश्चात बाद में कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियो ने बहुत बड़ी संख्या में भाग लिया। संघ सचिव राकेश कुमार, अध्यक्ष रामलोक ने बताया कि ये हडताल 8 जनवरी से 11 जनवरी तक चलेगी।

# ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत, ली विकसित भारत संकल्प की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को घरौंडा विधानसभा में मूनक खंड के गांव खोरा खेड़ी में किया गया, जिसमें घरौंडा के पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर एवं विकसितइ राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक रमेश कश्यप और मौके पर उपस्थित सभी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्राइ कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर एवं विकसितइ राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा ली कि 'भारत को



2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगेइ। पूर्व विधायक ने विकसित भारत यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। वर्तमान सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है।

# मयंक ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता गोल्ड, प्रतियोगिता में 90 स्कूलों के खिलाडियों ने लिया हिस्सा

## मयंक राज्य स्तरीय ओपन बॉक्सिंग में गोल्ड और स्कूल स्तरीय स्टेट बॉक्सिंग में दो ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम कर चुका है

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के नरूखेड़ी गांव के मयंक नरवाल ने मधुबन में हुई डीएवी नेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीता है। छात्र मयंक बीते पांच सालों से बॉक्सिंग की प्रैक्टिस करता आ रहा है। इससे पहले भी उसने पिछले वर्ष स्कूली गेम्स में नेशनल ब्रॉन्ज मेडल जीता था। मयंक राज्य स्तरीय ओपन बॉक्सिंग में गोल्ड और स्कूल स्तरीय स्टेट बॉक्सिंग में दो ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम कर चुका है। अब आइबीए के कैंप में मयंक हिस्सा लेगा और इंटरनेशनल खेलों के लिए अपना कदम बढ़ाएगा। मधुबन के डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में




नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के तहत नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें जम्मू, उत्तराखंड, पंजाब, झारखंड, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व हरियाणा के 90 स्कूलों के 350 खिलाडि ?ों ने हिस्सा लिया। मंगलवार की देर रात तक मुकाबले हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया।

नरूखेड़ी गांव का मयंक नरवाल डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन कैथल रोड करनाल में 9वीं

**नाम रोशन किया**

**8 झारखंड, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व हरियाणा के 90 स्कूलों के 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।**

कक्षा का छात्र है। उसने अंडर-17 आयु वर्ग व 50 किलोग्राम कैटेगरी में स्कूल स्तरीय बॉक्सिंग में हिस्सा लिया था। ब्लॉक से जिला और जिला से स्टेट और फिर स्टेट से नेशनल पर अपना दम दिखाया। नेशनल से पहले मयंक ने फरीदाबाद में हुई स्टेट बॉक्सिंग में हिस्सा लेकर अपने प्रतिद्वंद्वी को हराया और गोल्ड जीतकर नेशनल में अपनी जगह बनाई थी।

मयंक ने बताया कि मधुबन में उसका फाइनल मुकाबला हिमाचल के फाइटर से हुआ। दोनों के बीच रोमांचक मुकाबला रहा। अंततरू उसने अपने प्रतिद्वंदी को रिंग में मुक्के से चित्त कर दिया और गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। टारगेट देश के लिए खेलना है। उसके पिता किसान है और उसे देश के लिए खेलते हुए देखना चाहते हैं और उनका सपना जरूर पूरा होगा। मयंक नरवाल अक्सर टीवी पर बॉक्सिंग के मैच देखा करता था। बॉक्सिंग में उसका काफी इंटरेस्ट था।

# श्री जयराम महिला बी.एड. कालेज की छात्रा यामिनी ने हासिल किया रजत पदक

**स्वागत**

**8 बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा यामिनी का शिक्षण संस्थान में पहुंचने पर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) देशभर में संचालित श्री** जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान जयराम महिला कालेज ऑफ एजुकेशन की बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा यामिनी का शिक्षण संस्थान में पहुंचने पर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि छात्रा यामिनी का सम्मान 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग टीम इवेंट में चैंपियनशिप में उपलब्धि के लिए किया गया। उल्लेखनीय है कि संस्थान की छात्रा यामिनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन और साउथ-वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग टीम इवेंट में चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर छात्रा यामिनी और खेल प्राध्यापिका बबीता शर्मा को जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष टी.के. शर्मा, निदेशक एस.एन. गुप्ता और कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद व कालेज की सभी प्राध्यापिकाओं ने बधाई दी।

# शशिकांत कौशिक ने कराई नालों की सफाई

**टीम एक्शन इडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**रोड पर** खड़े गंदे पानी के कारण आवाजाही में हो रही परेशानी के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बाद समाजसेवी शशिकांत कौशिक ने तुरंत जेसीबी भिजवाकर नालों की सफाई करवाई। पिछले कई वर्षों से नपा सीमा से बाहर होने का दंश झेल रहे कालोनी वासियों ने इससे राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि गीता स्कूल वाली गली नगर पालिका की सीमा है। इसके आगे बाहरी कालोनियां समालखा नपा क्षेत्र से बाहर हैं। इसके कारण नपा द्वारा वहां पर किसी तरह के विकास कार्य नहीं करवाए जा रहे। यहां तक की

**समस्या**

**8 नालियों की सफाई भी नहीं की जाती। जिसके चलते इन कालोनियों में निकासी की समस्या पैदा हो गई**

नालियों की सफाई भी नहीं की जाती। जिसके चलते इन कालोनियों में निकासी की समस्या पैदा हो गई है और गंदा पानी जौरासी रोड पर भर जाता है। पिछले कई वर्षों से नपा की सीमा पर स्थित इन बाहरी कालोनी के लोगों ने विधायक से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगा ली। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई जबकि जौरासी रोड से गांव आट्टा, जौरासी सहित कई गांव जुड़े हुए हैं और सैंकड़ों लोगों की आवाजाही हर रोज होती है। वहीं कालोनी वासियों ने अपनी समस्या से समाजसेवी शशिकांत कौशिक को अवगत करवाया। जिसके बाद उन्होंने जेसीबी भिजवाकर रोड किनारे नालों की सफाई करवाई। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनका ध्येय है और इसको लेकर वो सदा तत्पर हैं। सफाई कार्य के दौरान पार्षद नरेश कौशिक, हरिओम शर्मा, कप्तान छौक्कर, दयानंद शर्मा, बिट्टा व पवन आदि मौजूद थे।

# डिपो होल्डर ने डकारा गरीबों का 40 लाख का राशन, नोटिसों के बावजूद भी नहीं दिया जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** की एसपी कॉलोनी का डिपो धारक गरीबों के हक का निवाला डकार गया, जिसकी कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है। जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की रिपोर्ट के मुताबिक डिपो धारक को 357.43 क्विंटल गेहूं, 11.25 क्विंटल चीनी, 2041 लीटर सरसों तेल, 367.50 क्विंटल बाजरा, 388.65 क्विंटल आटा जारी किया गया था।

ऑनलाइन रिकॉर्ड चेक किया गया तो उसमें पाया गया कि डिपो धारक की पोस मशीन में सितंबर-अक्टूबर 2018 से जून 2019 तक लोकेशन जारी की गई है, परंतु इस लोकेशन के विरुद्ध डिपो धारक द्वारा आवश्यक वस्तुओं के स्टॉक को ऑनलाइन रूप से रिसीव ही नहीं किया और न ही उसने किसी कार्डधारक को राशन बांटा। इससे बड़ी बात, जब जांच टीम डिपो पर पहुंची उसे वहां कोई डिपो ही नहीं मिला। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएफएससी ने आरोपी डिपो धारक के खिलाफ करनाल के सेक्टर 32-33 थाना में शिकायत दर्ज करवाई है।

करनाल में वार्ड नंबर तीन की एसपी कॉलोनी में मनीष कुमार के नाम पर एक राशन डिपो है। मनीष अपने रिश्तेदार विपिन के साथ मिलकर डिपो चलाता था। 27 दिसंबर 2013 में खाद्य आपूर्ति कार्यालय को शिकायत मिली, जिसमें डिपो धारक द्वारा गरीबों के राशन को डकारने का आरोप लगाया गया था। मामले की जांच शुरू हुई और निरीक्षक दिनेश तुली व राजेश कुमार के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया गया। 16 सितंबर 2020 को टीम ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट के मुताबिक, जो लोकेशन डिपो होल्डर को जारी की गई थी वह उसने अपने पास गोदाम में उतरवा तो ली, लेकिन पोस मशीन में रिसीव नहीं किया और पूरे राशन को अपने आप ही डकार गया।

# सुभरी और महमदपुर गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा आज जिला के गांव सुभरी और महमदपुर पहुंची। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में घरौंडा हलका के विधायक हरविंद्र कल्याण ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदने की अपील की और कहा कि ऐसा करने से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होकर आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। स्थानीय उत्पादों का इस्तेमाल करें और उनका प्रचार भी।

गांव सुभरी में सरपंच रणजीत सिंह



और महमदपुर में सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र मैहला ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा गांव में 9 सालों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक ने दोनों गांव में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। सुभरी में पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह और महमदपुर में जोगेंद्र राणा ने भारत को 2047 तक विचित्र बनाने की शपथ दिलाई।

विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि कोरोना काल में जरूर विकास की गति धीमी पड़ी थी, लेकिन अब यह फिर से रफ्तार पकड ? लगी है। उन्होंने कहा कि हर कार्य में समाज की सहभागिता जरूरी है। एक-दूसरे का सहयोग करके गरीबों को पैरों पर खड़ा करना होगा, तभी प्रधानमंत्री का भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार हो सकेगा। केवल सरकार के भरोसे समाज का भला नहीं हो सकता। सरकार योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा सकती है, लेकिन राष्ट्र की प्रगति के लिए समाज का योगदान भी अति आवश्यक है। व्यक्तिगत कामों से समाज का भला संभव नहीं है। भाजपा सत्ता के लिए नहीं समाज सेवा के लिए काम कर रही है। आज हर वर्ग के लिए बनाई गई योजनाओं को धरातल पर पहुंचने के गंभीर प्रयास जारी हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदारी के साथ काम न करने से कई बार 5 से 7 प्रतिशत लोग योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। कर्मचारियों को ईमानदारी से कत्र्तव्य का निर्वहन करना ही चाहिए। समाज के मौजिज लोगों और पंचायत की भी जिम्मेदारी है कि वह निराश्रितों, असहायों, अशिक्षित व गरीबों की मदद करे।

# सीएम के निजी सचिव अभिमन्यु यादव पहुंचे बाघोत धरना स्थल पर

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़। गांव बाघोत** में 152डी पर कट देने की मांग को लेकर 303 दिनों से ग्रामीणों का धरना चल रहा है। आरपीएस ग्रुप के सीईओ एवं युवा भाजपा नेता इंजीनियर मनीष राव की मध्यस्थता से मुख्यमंत्री निजी सचिव अभिमन्यु यादव धरना स्थल पर पहुंचे। धरना संघर्ष समिति ने इस दौरान उन्हें मांगों का एक ज्ञापन दिया। सीएम के निजी सचिव अभिमन्यु यादव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बाघोत -सेहलंग के बीच कट की मांग मुख्यमंत्री से मिलकर शीघ्र पूरी करवाएंगे। इस

**आश्वासन**

**8 आश्वस्त किया कि बाघोत -सेहलंग के बीच कट की मांग मुख्यमंत्री से मिलकर शीघ्र पूरी करवाएंगे**

दौरान धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने अभिमन्यु यादव व इस मांग को पूरा करवाने में सहयोग कर रहे आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीएम के निजी सचिव अभिमन्यु यादव ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर 152 डी पर कट की मांग को पूरा करवाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

इस मौके पर युवा भाजपा नेता एवं आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा सरकार लगातार जनहित के कार्यों को लेकर आगे बढ़ रही है। आज आमजन का विश्वास सरकार पर है, इसी का नतीजा है कि महेंद्रगढ़ जैसा पिछड़ा क्षेत्र भी विकास की दौड़ में आगे बढ़ रहा है।

## संपादकीय

# धनबल शक्तिशाली पर सत्य के सामने कमजोर

**यह** तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का परिणाम है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा आसमान क्रम में समय-समय पर मूल्यों का स्थापन और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सारस्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। इसके अनुसार ही परिस्थितियों आवश्यकताओं दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापना ओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकावान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रत्येक को तेजी से बड़ा प्रबल माना गया है। सत के शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित "सत्यमेव जयते" आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं।

# विकास या विनाश युवा शक्ति पर निर्भर

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

> आज देश में कुछ मुद्दे नए विषय को जन्म दे रहे हैं, जैसे- हर धर्म हमें शांति, एकता, मानवता का संदेश देता है, फिर लोगो के दिलो में लोभ, द्वेष, और बार-बार समाज में मानवता शर्मसार क्यों हो रही है? युवाओं में अपराध वृत्ति क्यों बढ़ रही है? लोग पढ़े-लिखे जागरूक है तो धोखाधड़ी, अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? छोटी-छोटी बात पर आपा खोकर अनुचित कदम क्यों उठाते है? अभिभावक बच्चों की खूब तारीफ करते हैं, उन्हें बेहतर सुख-सुविधा दे रहे हैं, तो फिर समाज में संस्कारों की होली क्यों जल रही है? अगर हम बच्चों को अच्छे और स्वादिष्ट आहार दे रहे हैं, अच्छी परवरिश दे रहे है तो बच्चे बीमार और कमजोर क्यों हो रहे हैं? सोशल मीडिया और नशे के आदी क्यों हो रहे हैं? वर्तमान में युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य समस्या और आत्महत्या का प्रमाण काफी बढ़ा है

**युवा** शक्ति शब्द सुनते ही हमारे सोच-विचारो में जो छवि उभरकर आती है वह होती है, वर्तमान में देश-दुनिया और आस-पड़ोस में घटित घटनाओं में युवाओं की सहभागिता एवं उसका समाज पर बढ़ता प्रभाव, यह हमें दशार्ता है कि युवाशक्ति किस दिशा की ओर अग्रसर है। जन्म से बच्चों की उचित देखभाल, संस्कारशील व्यवहार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शुद्ध आचरण से ही युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा शक्ति का संचार होता है तथा प्रशासन द्वारा उन्हें शिक्षा अनुरुप रोजगार, व्यवसाय के बेहतर मौके मिल सके, इसके लिए उपाय-योजना बनाना एक अच्छी सरकार का लक्ष्य होता है, तभी देश की युवा शक्ति खुद को सक्षम साबित कर देश को विश्वशक्ति बनाने में कारगर सिद्ध होगी, यन्यथा यही युवा शक्ति असुविधा, समस्याओं और संघर्ष के वजह से देश में विनाश का कारण भी सिद्ध हो सकती है। हर साल 12 जनवरी को "राष्ट्रीय युवा दिवस" स्वामी विवेकानन्द जी के जयंती के उपलक्ष पर संपूर्ण देश में मनाया जाता है। युवाशक्ति में वह ताकत होती है, जो असंभव को संभव बना सकती है, सिर्फ उन्हें योग्य दिशा मिलनी चाहिए। युवाओं के शिक्षा और कला-गुणों पर ही उनका पूरा करियर और भविष्य निर्भर होता है, एक वर्ष की क्षति भी उन्हें जिंदगी में पीछे धकेल देती है, प्रतिस्पर्धा बढ़ती जाती है एवं जीवन संघर्ष अधिक तेज होता जाता है। प्रत्येक युवा में कुछ सपने होते हैं, और उन सपनों को पूरा करने की जिद्द और मेहनत ही उन्हें सफल बनाती है, परंतु सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, यह युवाओं को समझना होगा। शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, हर जगह शिफारस, राजनीतिक हस्तक्षेप, अपराध का बढ़ता ग्राफ, नशाखोरी, धोखधड़ी, नैसर्गिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, मिलावटखोरी, सोशल मीडिया की लत, दुर्व्यवहार, संस्कारहीन आचरण, अश्लील-अभद्र भाषा प्रयोग, स्वार्थवृत्ति ने जीवन संघर्षमय कर दिया है। बेरोजगारी का देश में ये आलम है कि बड़ी संख्या में उच्च शिक्षित युवा भी चपरासी बनने के लिए संघर्ष करता नजर आता है। हर साल बड़ी संख्या में कर्मचारी वर्ग सेवानिवृत्त होते हैं, परंतु कई विभागों में दशकों तक नई भर्तियां होते हुए नजर नहीं आती और दूसरी ओर हर साल शिक्षा जरूर महंगी होती जाती है। सामाजिक समस्याओं, बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि हो



रही है, पर्यावरण का विनाश होने के कारण प्राकृतिक आपदाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे हर साल बड़ी संख्या में जान-माल की क्षति होकर देश को अरबों डॉलर का नुकसान होता है। अभिभावक बच्चों के सामने बुजुर्गों से अमानवीय व्यवहार करते है, और अपने बच्चों से खुद के लिए आदर्श व्यवहार की कामना करते है। बच्चों को बेहतर पोषक वातावरण देना अभिभावक का परम कर्तव्य है और युवा शक्ति को बेहतर जीवन के लिए आवश्यक मौके देना सरकार का काम है, देश के सर्वांगीण विकास के लिए यह बहुत जरूरी है।

आज देश में कुछ मुद्दे नए विषय को जन्म दे रहे हैं, जैसे- हर धर्म हमें शांति, एकता, मानवता का संदेश देता है, फिर लोगो के दिलो में लोभ, द्वेष, और बार-बार समाज में मानवता शर्मसार क्यों हो रही है? युवाओं में अपराध वृत्ति क्यों बढ़ रही है? लोग पढ़े-लिखे जागरूक है तो धोखाधड़ी, अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? छोटी-छोटी बात पर आपा खोकर अनुचित कदम क्यों उठाते है? अभिभावक बच्चों की खूब तारीफ करते हैं, उन्हें बेहतर सुख-सुविधा दे रहे हैं, तो फिर समाज में संस्कारों की होली क्यों जल रही है? अगर हम बच्चों को अच्छे और स्वादिष्ट आहार दे रहे हैं, अच्छी परवरिश दे रहे है तो बच्चे बीमार और कमजोर क्यों हो रहे हैं? सोशल मीडिया और नशे के आदी क्यों हो रहे हैं? वर्तमान में युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य समस्या और आत्महत्या का प्रमाण काफी बढ़ा है, जिसके लिए वर्तमान प्रणाली, वातावरण दोषी है। जिस देश की युवा शक्ति को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और रोजगार के बेहतर विकल्प मौजूद है, विश्व में वही देश विकसित हुए है। हमारे देश में आज भी बड़े पैमाने पर पलायन का दौर चल ही रहा है,

गांव के लोग शहर में जाते हैं, शहर के लोग महानगरों में जाते हैं और महानगर के लोग विदेश में बेहतर विकल्प की तलाश में जाते हैं। देश में केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा अनुरूप रोजगार या बेहतर जीवन के लिए आवश्यक धनोपार्जन के मौके सबको मुफ्त मिलनी चाहिए, इसके अलावा कुछ भी मुफ्त न मिले तो भी युवाशक्ति आत्मनिर्भर बनकर अपनी क्षमता के दम पर हर चीज, हर मुकाम हासिल कर सकती है। आजकल अगर पढ़-लिखकर उचित योग्यता अनुसार काम ना मिले तो सपने चकनाचूर हो जाते हैं, और यह सपने सिर्फ उन युवाओं के ही नहीं, बल्कि उससे जुड़े हर व्यक्ति के एव उस परिवार के सपने टूटते हैं, तब इतने बरसों की शिक्षा पर भी सवाल खड़े होते हैं कि, क्या शिक्षा, मेहनत, पैसा और समय गवाकर हमने गलत कर दिया है? काबिल युवा होकर भी हमारा भविष्य अगर अंधकारमय नजर आने लगे तो फिर उच्च शिक्षा का क्या महत्व है? देश में हर साल, हर राज्य से लाखो युवा कला, वाणिज्य, विज्ञान, अभियांत्रिकी, प्रबंधन जैसे हर विषय क्षेत्र की पदवी प्राप्त कर काम के लिए बाहर निकलते हैं, लेकिन उनमें से कितने युवा अपने कैरियर के लक्ष्य को हासिल कर पाते हैं? सरकारी भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर बेरोजगार युवाओं से अत्यधिक आवेदन शुल्क भी बहुत बड़ी समस्या बन गई है, जिस देश में 80 करोड़ से ज्यादातर गरीब आबादी को अनाज मुफ्त बांटा जाता है, वहां बड़ी मुश्किल से भरण पोषण करने वाले सामान्य परिवार के युवाओं के लिए हर बार यह शुल्क जुटाना बहुत बड़ी कठिनाई बनकर उभरती हैं, जिसके कारण कई प्रतिभावान युवा प्रतियोगी परीक्षा के लिए आवेदन भी नहीं कर पाते है। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार के अनेक विभाग की पद भर्ती हेतु विज्ञापन में आरक्षित वर्ग के लिए 900 रुपये आवेदन शुल्क तो ओपन वर्ग के लिए 1000 रूपए शुल्क रखा जाता है, जिससे हर बार राज्य सरकार के पास सैकड़ो करोड़ की रकम जमा होती है। सरकार ने गरीब बेरोजगारों को ध्यान में रखकर इस समस्या को गंभीर रूप से देखना चाहिए। नशा, अपराध और झूठा दिखावा इंसान को बर्बाद कर देता है, ऊपर से आजकल का फैशन और सोशल मीडिया की लत ने जीवन वैसे ही खराब कर रखा है, आज अधिकतर युवाओं के रोल मॉडल रील लाइफ के लोग हैं, जबकि उनके आदर्श देश पर मर-मिटने वाले जवान होने चाहिए, देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी, वैज्ञानिक होने चाहिए। जिन आदर्श समाज सुधारक और महान क्रांतिकारियों ने हमें आजादी दिलाई, मानवता और देश को बचाएं रखा, आज उन्हें हम बस जयंती या पुण्यतिथि के दिन कुछ पल के लिए याद करते है। जबकि युवाओं ने महान शख्सियतों के जीवन कार्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हर पल, हर वक्त युवाओं ने अपने आपको बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील होना चाहिए, जिंदगी में कामयाब होने के लिए संघर्ष करते रहना चाहिए, हमारा व्यवहार कभी भी किसी अन्य के दुःख का कारण न बने यह ध्यान रख कर आगे बढ़ना है। सरकार ने युवा शक्ति को ध्यान में रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के उपाय-योजनाओं को लागू करना चाहिए।

हर साल, हर क्षेत्र में लगातार भर्तियां, साथ ही गांव, दुर्गम क्षेत्र, हर ओर नवनवीन प्रशिक्षण केंद्र की उपलब्धता समय की मांग है। सिफारिश, राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार पर पूर्णतः अंकुश होना ही चाहिए, ताकि देश की युवा पीढ़ी बेहतर कल का निर्माण कर देश को प्रगति पथ पर ले जा सके और तभी राष्ट्रहित में युवा शक्ति का बेहतर सहभाग साबित होगा।

## कविता

तेरा बदन जो इतना कहीं मुश्क बू न हो
गश्ते- नफीस जह्न कभी कू ब कू न हो

जिस बज्मो- अंजुमन में मेरे यार तू न हो
क्या है तअज्जुब उस में अगर रंगो- बू न हो

खो जाती है जबाँ की लताफत ही जाने- मन
दो चार दिन जो तुझ से मेरी गुफ़्तुगू न हो

तब आना, दिन में रात की जुल्मत दिखाएँ गे
जिस रोज मेरे घर में मेरा माह रू न हो

वो हुस्ने- बे पनाह खुदा का है शाहकार
तब तक न छूना उस को कि जब तक वजू न हो

तू ने दिया है जख़्म जो दिल तक पहुंच गया
लाखों जतन के बाद भी अब ये रफू न हो

ऐसे में कैसे होगा भला शुगले- मय कशी
बस जाम दस्तियाब रहें ओर सबू न हो

क्या फाएदा है उस की मोहब्बत में रोने का
इक एक बूंद आँसू की जब तक लहू न हो

उस हूर से निबाह नहीं कर सकूंगा मैं
ऐ मेरे यार जो कि तेरे हू ब हू न हो

**जकी**

# उपचुनाव मे हार से सबक ले भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा** सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11261 वोटो के अंतर से हरा दिया है। सुरेंद्रपाल सिंह टीटी की हार से भाजपा की किरकिरी हुई है। भाजपा ने उप चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जितवाने के लिए चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही मंत्री तक बना दिया था। मगर इसके बावजूद भी वह चुनाव में पराजित हो गए। देश में इस तरह कि यह पहली घटना है। जब चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया था। चुनावी प्रक्रिया के दौरान टीटी को मंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग तक शिकायत भी की थी। मगर भाजपा ने किसी भी आरोप की परवाह ना करते हुए टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलवा दी थी। राजस्थान में भाजपा की सरकार बने अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। उससे पहले ही सरकार को उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव में हुई हार का असर अगले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। उपचुनाव की जीत से जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल मजबूत हुआ है जिससे लोकसभा चुनाव में वह और अधिक एकजुटता से चुनाव लड़ने का प्रयास करेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां से विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया था। मगर मतदान से पूर्व ही उनकी मृत्यु होने से चुनाव स्थगित हो गया था। कांग्रेस ने मतदाताओं की सहानुभूति लेने के लिए अपने मृतक विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस का यह दाव सफल रहा और उनका प्रत्याशी चुनाव जीत गया। श्री गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में वैसे भी विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार काफी कमजोरी रही है। क्षेत्र की आठ में से भाजपा सिर्फ दो सीट सादुलशहर व श्रीगंगानगर ही जीत पाई है। पांच सीटों पर श्रीकरणपुर, सूरतगढ, रायसिंह नगर, संगरिया, पीलीबंगा में कांग्रेस व हनुमानगढ़ सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुआ है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से 94340 वोट अधिक मिले हैं। भाजपा प्रत्याशियों को पाच लाख 94 हजार 651 वोट व कांग्रेस प्रत्याशियों को छः लाख 88 हजार 991 वोट मिले हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निहालचंद मेघवाल 406978 वोटो से जीते थे।

2019 के चुनाव में भाजपा के निहालचंद मेघवाल को 897177 वोट व कांग्रेस के भरतलाल मेघवाल को 490199 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से 2023 के विधानसभा चुनाव तक जहां भाजपा कमजोर हुई है वहीं कांग्रेस मजबूत बनकर उभरी है। मौजूदा सांसद निहालचंद के खुद के विधानसभा क्षेत्र रायसिंह नगर में भी कांग्रेस के सोहनलाल नायक ने भाजपा के बलवीर सिंह लूथरा को 14025 वोटो से हरा दिया है।

## विचार

# मालदीव प्रकरण से समझिए बदलते भारत का चरित्र

**आशीष वशिष्ठ**

**प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी ने हालिया लक्षद्वीप यात्रा में प्रधानमंत्री ने स्नॉर्कलिंग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी कि रोमांच पसंद लोग पर्यटन के लिए देश में लक्षद्वीप आएं। जिसके बाद लाखों लोगों ने लक्षद्वीप को गूगल पर सर्च किया। जिसे मालदीव के नेताओं ने उनके पर्यटन के लिये चुनौती माना। अपरिपक्व राजनेताओं ने आनन-फानन बेतुके बोल सोशल मीडिया पर शेयर करने शुरू कर दिये। ये काम एक ऐसे पड़ोसी देश की मंत्री और नेताओं की तरफ से किया गया, जिसका साथ भारत ने कई बार मुश्किल वक्त में दिया है। शायद यही वजह थी कि कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव और एक्सपलोर लक्षद्वीप ट्रेंड करने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन की यात्रा पर रवाना होने से पहले ही भारत और मोदी विरोधी टिप्पणी करने वाले तीन मंत्रियों की छुट्टी करते हुए विवाद को ठंडा करने का प्रयास किया किंतु तब तक उसे जो नुकसान होना था वह तो हो ही चुका था। भारत में जिस तेजी से मालदीव के बहिष्कार और लक्षद्वीप के प्रति उत्सुकता उत्पन्न हुई उसने मालदीव की अकड़ ढीली कर दी। वैसे भी प्रधानमंत्री जहां जाते हैं वहां की खूबियों का बखान करना नहीं भूलते। कुछ समय पहले वे उ.प्र के पिथौरागढ़ में स्थित आदि कैलाश गए थे जहां से तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत नजर आता है। उनकी इस यात्रा के चित्र प्रसारित होते ही आदि कैलाश एक नए पर्यटन केंद्र के तौर पर प्रसिद्ध हो गया। बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड होने के साथ ही मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों द्वारा यात्रा रद्द होने की खबरें आने लगीं। इसी के साथ ही लक्षद्वीप के प्रति जबरदस्त रुझान देखा जाने लगा। अनेक अभिनेताओं और प्रमुख हस्तियों द्वारा मालदीव की बजाय लक्षद्वीप को प्राथमिकता देने की अपील किए जाने से मुइज्जू सरकार सकते में आ गई। भारत सरकार ने भी उनके राजदूत को बुलाकर कड़े शब्दों में समझा दिया। सबसे बड़ी बात ये हुई कि मालदीव के भीतर ही नए राष्ट्रपति के भारत विरोधी रवैए की आलोचना शुरू हो गई। हिन्द महासागर में स्थित द्वीपनुमा देश मालदीव की मुख्य आय पर्यटन है। यहां के समुद्र तट बेहद खूबसूरत हैं। चूंकि भारत से यह देश करीब है इसलिए यहां से प्रतिवर्ष लाखों सैलानी मालदीव घूमने जाते रहे हैं। अनेक भारतीय फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। अपने चुनाव प्रचार में ह्यइंडिया आउटह्न का नारा देने वाले चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों पर सवाल उठे हैं, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर दोनों देश के बीच दोस्ताना संबंध रहे हैं। मालदीव के पूर्ववर्ती राष्ट्रपति मोहम्मद सोलिह खुलकर भारत के साथ थे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने चुनाव जीतने के साथ ही वहां मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग कर डाली। दरअसल वहां कुछ ऐसे काम चल रहे हैं जिनके कारण भारतीय सेना के कुछ लोग मालदीव में हैं। हेलीकॉप्टर एवं कुछ अन्य उपकरणों के संचालन के लिए दोनों देशों में हुए समझौते के अंतर्गत वे सैनिक वहां पदस्थ हैं । हालांकि ये संख्या इतनी बड़ी नहीं कि उसके आंतरिक मामलों में दखल दे सके। मुस्लिम बहुल मालदीव के साथ भारत के रिश्ते काफी अच्छे रहे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मालदीव की स्थिरता, सक्रियता, लोकतंत्र और बुनियादी अर्थव्यवस्था सिर्फ भारत के कारण ही है। हर संकट में भारत ने मालदीव की मदद की है। दरअसल, विपक्षी नेता मौजूदा मालदीव सरकार को आईना दिखा रहे हैं कि मालदीव आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामाजिक स्तर पर सदैव भारत पर आश्रित रहा है। यहां तक कि भारत ने कई बार मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की है।

मालदीव ने पानी मांगा, तो भारत ने उसकी प्यास बुझाई। मालदीव को भूख लगी, तो खाना और अनाज मुहैया कराए गए, आर्थिक मदद ही नहीं की गई, बल्कि 2023-24 के बजट में 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, ताकि चालू परियोजनाएं जारी रह सकें।

बागियों ने लोकतंत्र का अपहरण कर तख्तापलट करना चाहा, तो भारत ने सैन्य सहायता भेजकर मालदीव की सुरक्षा और स्थिरता तय की।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मैं एमपी का सीमावर्ती शहर सेंधवा तरक्की चाहता हूं..!

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

मैं सेंधवा हूं। मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित बड़वानी जिले की सबसे बड़ी तहसील मुझमें 100 साल पुरानी नगरपालिका स्थित है, एक विशाल जनपद जिसमे 124 ग्राम पंचायतें शामिल है, जिनके और बढ़ने की संभावनाएं चल रही है। एक 37 एकड़ में फैला काले पत्थरों से निर्मित परमार कालीन विशालकाय ऐतिहासिक किला भी है, जो मेरे इतिहास की कहानी कहता प्रतीत होता है। मैं एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर से 150 किलोमीटर आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हूं। इसी राजमार्ग पर मुझसे 450 किलोमीटर की दूरी पर भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई स्थित है।

महाकाल की नगरी उज्जयिनी की मुझसे दूरी 215 किलोमीटर एवम नर्मदा किनारे स्थित प्रसिद्ध ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महज 141 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। देवी अहिल्या की राजधानी प्रागेतिहासिक नगरी महिष्मति अब महेश्वर 89 किमी दूरी पर ही है। जीवनदायिनी मां नर्मदा आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुझसे 70 किमी की दूरी पर और कहीं तो इससे भी समीप कलकल बहती है। इन ऐतिहासिक, धार्मिक और आर्थिक महानगरों से दूरियों का जिक्र करना अपनी भौगोलिक स्थिति समझाने का प्रयास भर है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मेरा भी अहम योगदान रहा है। अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुझमें निवासरत स्वतंत्रता के दीवानों ने अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम कर दिया था। महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेज जज की हेट (केप) को किला गेट के सामने जला दिया था। वनवासी स्वतंत्रता वीरों के डर से गौरी सरकार कांप जाती थी। आजादी के आंदोलन के दौरान शहर के युवाओं ने कई बार किले की प्राचीर पर तिरंगा भी फहराया था। यूं तो मेरा नाम धनिकों की बस्ती के रूप में पहिचाना जाता हैं। किंतु फिलहाल मेरे क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी दोनों पलायन कर महाराष्ट्र और अन्य प्रदेशों में जा रहे है। शहरी लोग जहां व्यापार की अपनी नवीन इकाइयों की स्थापना महाराष्ट्र करने और रोजगार की तलाश में तो ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी श्रमिक मजदूरी करने महाराष्ट्र और गुजरात की और जा रहे हैं। यह सिलसिला विगत 20 बरसों से अधिक बढ़ गया है।

# टच-टचाती उंगलियों में मेंढ़क

**रामविलास जांगिड़**

**जब** भी किसी मेंढ़क को पकड़ा जाए तो वह लिजलिजा सा वक्तव्य छोड़ देता है। वह जाने कब, किस तरफ फिसल जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। और यह बिल्कुल अचरज की बात नहीं कि फेसबुक पर मेंढ़कों का पूरा समूह आ बसा है। व्हाट्सएप के गुट-गुटों में बदलकर गुटगुट हुए जाते बहुत सारे मेंढ़कों के गुट! सोशल मीडिया पर इनका पूरा साम्राज्य है। बारहमासी मेंढ़क! किसी सेना के आक्रमण की तरह अपना मोर्चा संभाले तत्पर! फेसबुक पर उंगली रखते ही वे चीखने-चिल्लाने लगते हैं। एक दूसरे की टांग खींचते हुए, अपनी टांगों को संभालते मेंढ़कों के इस कुएं में बहुत सावधानी से तैरना पड़ता है। इतनी सावधानी बरतने के बाद भी, कभी कोई लेखक, नाटक कार, कवि मेंढ़क अचानक से टच-टचाती उंगली से दब जाए तो सब काम छोड़कर प्रायश्चित के लिए हाथ जोड़ने वाले कई इमोजी पेस्ट करने पड़ते हैं। लगातार कई रातों तक चले इन हादसों के बाद मैंने निश्चय किया कि मैं उन्हें अनफ्रेंड कर दूंगा। लेकिन फिर से उनकी फ्रेंड रिक्वेस्ट आ जाती है। मेरी उंगली फिर उन्हें ससम्मान फेसबुक पर मेरे संग अठखेलियों के लिए निमंत्रित कर ही देती है। लेकिन वही परेशानी! जैसे कि उनकी आदत होती है। वे किसी खास पक्ष में अपने स्वार्थ के लिए जोर-जोर से टर्राने लगते हैं। उनकी टर्राहट सुनकर कानों में शीशे सा पिघलने लगता है। मैंने एक काम किया। क्यों नहीं इन सबको इकट्ठा करके कहीं किसी और साहित्य के गुट में झटक आऊं। पर इनका दुस्साहस तो देखिए! ये फिर से आ धमकते! मैंने नया तरीका सोचा। पहले उन पर निशान लगाए ताकि वे समय पर पहचाने जा सकें। एक साहित्यिक कहलाने वाले कमर्शियल ऐप में भरकर उन्हें गोल-गोल घुमाया ताकि इनके सिर चकरा जाए। इंटरनेट के कई घुमावदार चक्कर भी लगवाए। ताकि इनको वापसी का कोई रास्ता नहीं मिले। फिर इन्हें राजधानी से दूर कहीं जंगल में छोड़ के भी आ गया। ताकि ये फिर से पीछा न करें। लेकिन कमबख्त सब के सब 24 घंटे के भीतर ही वापस आ गए! अपनी नई टर्राहट के साथ! अपने-अपने नए अनुभव के भारी किस्से भी बरपा गए। वे बेसुरे होकर टर्राए!

## न्यूज फ्लैश

### राम लला की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा आयोजन पर निकली जायेगी कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद**
**नांगल चौधरी** । भगवान राम लला की मूर्ति के प्राणप्रतिष्ठा आयोजन के दिन कस्बा नांगल चौधरी में भव्य कलश यात्रा के साथ ही दीपावली महोत्सव मनाया जायेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता घर घर और दुकानों पर जाकर लोगों को अक्षत तथा निमंत्रण दे रहे हैं। बुधवार को कस्बा के नारनौल रोड़ तथा कोटपुतली व निजामपुर रोड स्थित दुकानदारों को 22 जनवरी के दिन आयोजित कलश यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। रामभक्तों ने बताया कि 22 जनवरी को प्रातः 10 बजकर 30 मिनट पर कलश यात्रा की शुरूआत बिजली बोर्ड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर से शुरू होगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बाबा अगडबंब आश्रम जोहड़ पर जाकर समाप्त होगी । अक्षत और निमंत्रण पत्र देते लोगों से आव्हान किया जा रहा है कि 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को महत्वपूर्ण बनाने में आमजन अपनी भूमिका सुनिश्चित करे और भगवान राम के प्रति अपनी आस्था का अहसास एक जनसंदेश के रूप में प्रदर्शित करें। अक्षत और निमंत्रण दिया देने वालों में ओमप्रकाश सोनी , मनोज शास्त्री ,विजय शर्मा , रविंद्र बाबा , सतीश स्वामी तथा आर एस एस के विवेक शर्मा शामिल थे ।

### मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज लिमिटेड का आरंभिक आईपीओ सोमवार, 15 जनवरी, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज लिमिटेड (कंपनी) के इक्विटी शेयरों का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार, 15 जनवरी, 2024 को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 12 जनवरी, 2024 है। सब्सक्रिप्शन के लिए ऑफर सोमवार, 15 जनवरी, 2024 को खुलेगा और बुधवार, 17 जनवरी, 2024 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 397 से 418 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 35 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 35 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। इस ऑफर में डॉ. विक्रमजीत सिंह छतवाल के 2,539,092 इक्विटी शेयर शामिल हैं; साथ ही- मेडिमैटर हेल्थ मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (और सामूहिक रूप से डॉ. विक्रम जीत सिंह छतवाल, प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 12,468,592 इक्विटी शेयर तक; बेसेमर हेल्थ कैपिटल एलएलसी (प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 6,606,084 तक इक्विटी शेयर; इन्वेस्टकॉर्प प्राइवेट इक्विटी फंड-1 (निवेशक बिक्री शेयरधारक) द्वारा 6,275,706 इक्विटी शेयर तक; विवेक पंडित द्वारा 26,382 इक्विटी शेयर तक, राहुल एम खन्ना द्वारा 22,613 इक्विटी शेयर तक, शंकर राव पलेपु (पलेपु नीना राव के साथ संयुक्त रूप से) द्वारा 17,337 इक्विटी शेयर तक, प्रमोद मनोहर आहूजा (ज्योति आहूजा के साथ संयुक्त रूप से) द्वारा 17,337 इक्विटी शेयर तक, केशव सांघी (विनीता केशव सांघी के साथ संयुक्त रूप से) द्वारा 17,337 इक्विटी शेयर तक, अमितकुमार गजेंद्र कुमार पाटनी (रुचि अमितकुमार पाटनी के साथ संयुक्त रूप से) द्वारा 13,568 इक्विटी शेयर तक, अरिहंत पाटनी द्वारा 13,568 इक्विटी शेयर तक, 5,276 इक्विटी शेयर तक ज्योति आहूजा द्वारा (संयुक्त रूप से प्रमोद मनोहर आहूजा के साथ) और रंजन सूरज प्रकाश सांघी (संयुक्त रूप से जयश्री सांघी के साथ) (सामूहिक रूप से, अन्य विक्रय शेयरधारक) द्वारा 5,276 इक्विटी शेयर तक शामिल हैं।



9 जनवरी, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के माध्यम से पेश किए गए प्रत्येक इक्विटी शेयर को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई और बीएसई के साथ मिलकर, स्टॉक एक्सचेंज) जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, बीएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज है।

# मन्नत ढाबा ब्रांड का नाम इस्तेमाल करने वाले नकलचियों पर नकेल

## मुरथल के प्रसिद्ध मन्नत ढाबा ग्रुप से मिलते जुलते नाम का देश के कई हिस्सों में किया जा रहा था संचालन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**मुरथल के** प्रसिद्ध मन्नत ब्रांड का देश के कई हिस्सों में मिलते जुलते नामों से इस्तेमाल होने लगा था। मन्नत की नकल कर भ्रमित किया जा रहा था। इसके खिलाफ मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अर्जी दायर की थी, जिस पर फैसला सुनाते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने मन्नत से मिलते जुलते नामों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। यदि किसी ने इस ब्रांड से मिलते जुलते नाम इस्तेमाल किए तो यह विशेष मालिकाना अधिकारों का उल्लंघन होगा। मन्नत ग्रुप आफ होटल के निदेशक देवेन्द्र कादियान ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले में बताया गया है कि अन्य भोजनालयों द्वारा मुरथल के मन्नत ढाबा ब्रांड नाम के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। अदालत में अर्जी दायर की गई दी गई थी कि बहुत से ढाबा संचालक अपने प्रतिष्ठानों को मन्नत ढाबा, न्यू मन्नत ढाबा, श्री मन्नत ढाबा, अपना मन्नत ढाबा आदि नामों से चला रहे हैं और उनमें से कुछ अब रिब्रांड बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके आउटलेट पर ये नाम लिए हुए हैं। 4 जनवरी को पारित आदेशों में न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने कहा कि अन्य प्रतिष्ठानों या संस्थानों द्वारा समान या भ्रामक तरीके से मन्नत ब्रांड नाम का उपयोग मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रखे गए ट्रेडमार्क पर विशेष मालिकाना अधिकारों का उल्लंघन करता है। अदालत ने कहा है कि मन्नत ब्रांड का नाम दूसरे प्रतिष्ठानों के लिए उपयोग करने पर रोक लगा दी गई है। मन्नत ढाबा, श्री मन्नत ढाबा, न्यू मन्नत ढाबा, अपना मन्नत ढाबा वगैरह, या कोई अन्य चिह्न या व्यापार संकेत जो प्रसिद्ध और पंजीकृत ट्रेडमार्क के समान या भ्रामक रूप से समान है, उसका इस्तेमाल अब नहीं किया जा सकेगा। यहां बता दें कि मुरथल के प्रसिद्ध मन्नत ढाबा ग्रुप वर्ष 2008 से चल रहा है, जो अब एक चेन का रूप धारण कर चुका है। प्रसिद्ध ब्रांड होने के कारण कुछ लोगों ने अपना व्यापार चलाने के लिए मन्नत से मिलते जुलते नामों का इस्तेमाल शुरू कर दिया था।




# दुभेटा गांव के राजकीय स्कूलों में चोरों का उत्पात

**सामान चोरी**

> 8 चोरों ने दोनों स्कूलों की रसोइयों का ताला तोड़ कर उनमें रखा हजारों रुपयों का सामान चोरी कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**चोरों** ने सोमवार की रात तेवड़ी गांव के राजकीय माध्यमिक स्कूल व राजकीय प्राइमरी स्कूल में जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने दोनों स्कूलों की रसोइयों का ताला तोड़ कर उनमें रखा हजारों रुपयों का सामान चोरी कर लिया। स्कूल इंचार्ज ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी।

शिकायत में राजकीय माध्यमिक विद्यालय तेवड़ी के इंचार्ज कुलदीप ने बताया कि स्कूलों की अवकाश चलने की वजह से डाक संबंधित काम करने के लिए मंगलवार को स्कूल में आए थे। स्कूल में पहुंचने पर उन्हें पता चला कि राजकीय माध्यमिक स्कूल के साथ-साथ राजकीय प्राइमरी स्कूल की रसाइयों के कुंडे कटे हुए थे। उन्होंने बताया कि चोर राजकीय माध्यमिक स्कूल की रसोई से गैस सिलेंडर, गैस चुल्हा, 17 थाली, 42 चम्मच, 26 स्टील गिलास, स्टील बाल्टी, स्टील पतीला, स्टील जग, 2 अगिन शमक बाल्टी, बड़ा पतीला, बड़ा तवा व अन्य सामान और राजकीय प्राथमिक पाठशाला की रसोई से गैस सिलेंडर, गैस चुल्हा, 27 थाली, 36 चम्मच, अग्नि शमक बाल्टी, एक कस्सी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ईट भट्ठे में भी हुई चोरी:** गांधी नगर के प्रवीन कुमार ने बताया कि गांव शेखपुरा में उनका सूर्या भट्ठा कंपनी के नाम से ईंट भट्ठा है। 8 जनवरी को चोर उनके भट्ठे से 3 टूटे हुए मशीन के बर्म चोरी कर ले गए।

### संवाद संकल्प यात्रा गांव डालनवास व गागड़वास पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़**
**आगामी 26** जनवरी 2024 तक चलाई जाने वाली विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा खंड सतनाली के गांव डालनवास व गादडवास पहुंची। गांव डालनवास व गादडवास में सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व विकसित भारत की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का जायजा लिया व उनके बारे में जानकारी ली। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत यात्रा का मकसद देश व प्रदेश की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचना है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

# प्रयास इंटरनैशनल स्कूल में जागृति कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**प्रयास** इंटरनैशनल स्कूल में हरियाणा प्रतिभा खोज का ब्लॉक स्तरीय जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा सुपर 100 व मिशन बुनियाद परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा, बीआरसी आजाद सिंह दहिया ने शिरकत की। सभी अतिथियों का विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार मलिक, उपप्रधानाचार्य दीपमाला ,रजिस्ट्रार डॉ. मनोज ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में गन्नौर खंड के सरकारी विद्यालयों के सभी स्तरों के लगभग 300 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसके आधार पर वे भविष्य में हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित किए जाने वाली हरियाणा सुपर 100 व मिशन बुनियाद की परीक्षाओं में भाग ले सकेंगे। इन परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों के लिए हरियाणा सरकार की ओर से आईआईटी और मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था जाएगी। ये योजनाएं कक्षा आठवीं नौवीं दसवीं ग्यारहवीं कक्षा के गरीब परंतु सुयोग्य बच्चों के लिए हरियाणा सरकार की ओर से तैयार की गई हैं ताकि इन बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सके। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा व विकल्प फाऊंडेशन गुरुग्राम की एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सुप्रिया शर्मा दोनों ने परीक्षाओं के प्रारूप, पाठ्यक्रम व पात्रता पर प्रकाश डाल उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अशोक राठी, विनोद शर्मा व गैर सरकारी संगठन विकल्प फाउंडेशन गुरुग्राम की ओर से एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सुप्रिया शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### खनन कार्यों को लेकर मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने खनन कार्यों को लेकर राज्य के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने एनजीटी के आदेशों की सख्ती से पालना करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिमाह जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की मीटिंग लेने के निर्देश दिए। बैठक के बाद उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने जिला टास्क फोर्स कमेटी के अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक हुए विकास कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों से बारी-बारी से खनन प्रभावित गांवों के स्कूलों में ई-लाइब्रेरी, फर्नीचर, वाटर कूलर, रास्ते, खेल ग्राउंड के ट्रैक आदि के चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चले रहे विकास कार्यों को और गतिमय बनाए ताकि निर्धारित समय में कार्यों का पूरा किया जा सके। आगे जो भी विकास कार्य करवाने है उसके लिए विभागीय अधिकारी प्रपोजल बनाकर भेजें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि माइनिंग तथा क्रैशर जोन में सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों की पालना होनी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, एएसपी प्रबीना पि, एसडीएम मनोज कुमार, सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## भाकियू की मासिक बैठक में किसानों ने पारित प्रस्तावों में समस्या समाधान की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय किसान** यूनियन (अ) की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष बलजीत मलिक की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में हुई। बैठक में काफी किसानों ने भाग लेते हुए प्रस्ताव पारित कर समस्याओं के समाधान की मांग की। बैठक में किसानों ने गांवों में तालाबों की हालत खराब हे। तालाबों की सफाई करवाई जाए। पानी पशुओं के पीने के लायक भी नही है। शहर में हो रही चोरी की वारदात से जनता परेशान है। चोरी की वारदात रोकने के लिए पुलिस सख्ताई करे। इसके अलावा बैंक से लोन लेकर ट्रैक्टर लेने वाले किसानों का ब्याज कम किया जाए। किसानों के खेतो के बिजली के बिल फोन पर न देकर किसानों के घर पहुंचाने चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्रधान जयभगवान मलिक, औम प्रकाश,रघवीर, जयभगवान मलिक, लख्मी, चरख सिंह, प्रकाश आदि मौजूद थे।



## रोटरी क्लब सदस्यों ने जरूरतमंदों को किए गर्म वस्त्र वितरित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल द्वारा भयानक सर्दी के मौसम को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सड़क किनारे रहने वाले जरूरतमंद लोगों, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले असहाय जरूरतमंदों एवं शहर की विभिन्न गौशालाओं में गौ माता की सेवा करने वाले सेवादारों को कंबल वितरित किए गए। रोटरी क्लब सदस्यों ने कंबल वितरण मुहीम के तहत सोमवार रात्रि को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, झुग्गी झोपड़ियां इत्यादि जगहों पर सर्दी में सिकुड़ रहे लोगों को कंबल ओढ़ाकर अपना कंबल वितरण अभियान प्रारंभ किया तथा बुधवार प्रातः गौ माता उपचार शाला, निजामपुर रोड स्थित श्री अनाथ गौशाला एवं सिंघाना रोड स्थित नंदी गौशाला में गौ माता की सेवा करने वाले सभी सेवादारों को कंबल भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। ऐसे वक्त पर भी बहुत से जरूरतमंद निःसहाय लोग सड़क किनारे या अन्य खुले स्थान पर झुग्गी झोपड़ियों में मजबूरी वश इस भयंकर ठंड में भी खुद को समेट कर अपना जीवन व्यतीत करने के लिए विवश होते हैं।

# आम आदमी पार्टी के व्यापार सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित 10 पदाधिकारियों ने अपने पदों से दिया इस्तिफा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**आम आदमी** पार्टी के व्यापार सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल भारद्वाज सहित 10 पदाधिकारियों ने आम आदमी को अलविदा कह दिया है। पार्टी छोड़ने वाले पदाधिकारियों का कहना है कि पार्टी में पूरी मेहनत से काम करने के बावजूद उनको मान-सम्मान नहीं मिला। जिसके चलते आज वह पार्टी को अलविदा कह रहे हैं। पार्टी छोड़ने वालों में व्यापार सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल भारद्वाज, किसान सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कालीरमन, व्यापार सैल के जिलाध्यक्ष अरूण बर्जाड, शिक्षा प्रकोष्ठ के सह सचिव अमित चहालिया, ब्लाकाध्यक्ष सुनील कौशिक, किसान सैल के जिलाध्यक्ष कृष्ण शर्मा, एसी सैल के जिला उपाध्यक्ष दीपक भौरिया, सर्कल इंचार्ज संदीप चौपड़ा, कृष्ण गोस्वामी व रामनारायण पिपलीखेड़ा शामिल हैं। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल भारद्वाज ने कहा कि रायसभा सांसद संदीप पाठक व पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा में अहंकार हो गया है जिस वजह से वह पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं को कोई तवज्जो नहीं देते। जिस वजह से आम आदमी पार्टी का प्रदेश में कोई जनाधार नहीं है। अनिल केजरीवाल भी हरियाणा में कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसकी वजह से वह पार्टी छोड़ रहे हैं। वह जल्द ही बैठक कर दूसरी पार्टी में शामिल होंगे।



# सरकार 60 फीसदी विकलांगता वालों को भी देगी पेंशन

## बैटरी चलित तिपहिया साइकिल के लिए 80 के बजाय 70 फीसदी दिव्यांगजन को भी दायरे में लाने का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए हरियाणा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हरियाणा सरकार जल्द ही बैटरी चलित तिपहिया साइकिल के लिए 80 फीसदी के बजाय 70 फीसदी दिव्यांगजन को भी इस दायरे में लेगी। इसके अलावा अलावा अभी तक विकलांग पेंशन 70 फीसदी से अधिक विकलांग व्यक्ति को ही मिलती थी। अब इसे भी 60 फीसदी किया जाएगा। इसी प्रकार सरकारी नौकरी में भी हिस्सा बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

श्री यादव आज राजकीय कॉलेज के सभागार में दिव्यांगजनों को बैटरी चलित तिपहिया साइकिल व सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा भी मौजूद थे। जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण (एलिम्को) द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वाधान में 250 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित तिपहिया साइकिल व सहायक उपकरण दिए गए। इसके लिए भारत सरकार की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर योजना के सौजन्य से लगभग 60 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इससे पहले विगत 5 जनवरी को अरावली पावर की ओर से भी नारनौल में दिव्यांग जनों को 48 लाख का सामान वितरित किया गया था। इस मौके पर नागरिकों को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दी जाने वाली हर योजना का लाभ उठाने के लिए अब सरकार ने दिव्यांगों को एक ही यूडीआईडी कार्ड जारी किया है, जो पूरे भारत में मान्य है।



# विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

## सरकार का लक्ष्य वास्तविक हकदार को सबसे पहले मिले योजनाओं का फायदा-विधायक बड़ौली

**संकल्प**

> 8 अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**पात्र लाभार्थियों** को जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचे के लिए विकसित संकल्प यात्रा बुधवार को गांव मीमारपुर तथा जैनपुर पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने किया। उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय के सपने को साकार कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन कर शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुरथल ब्लॉक समिति के चेयरमैन संजय कुमार, बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, विनोद बैरागी, राममेहर, संजय छत्तेहरा, विनोद त्यागी, डॉ0 अंजलि ब्जाज, राजेश सैनी, कृष्ण सैनी, नंदकिशोर, मुकेश त्यागी, नरेन्द्र भारती, राजेश, राजेन्द्र त्यागी, जितेन्द्र कौशिक, दिनेश फौजी, गांव मीमारपुर के सरपंच सादिन, गांव जैनपुर के सरपंच प्रविन्द्र त्यागी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# जजपा अब शहरी क्षेत्र में बढ़ाएगी ग्राफ, वार्ड वाइज टीम होगी गठित: ऋषिराज

**लक्ष्य निर्धारित**

> 8 जजपा ग्रामीण क्षेत्र की पार्टी है। जबकि साल 2019 के विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में 17 फीसदी वोट मिले थे

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। जननायक** जनता पार्टी की ओर से सिंघाना रोड स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को बैठक हुई। इसमें जजपा के शहरी नगर निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिराज राणा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संदीप भांखर ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ऋषिराज राणा ने कहा कि अक्सर लोग यह कहते है कि जजपा ग्रामीण क्षेत्र की पार्टी है। जबकि साल 2019 के विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में पार्टी को 17 फीसदी वोट मिले थे। अब हमें इसे 25 से 30 फीसदी तक लेकर जाना है। यह तभी संभव होगा जब शहरी क्षेत्र में वार्ड वाइज टीम तैयार की जाए। एक वार्ड में हमें 50 युवाओं की टीम बनानी होगी। ऐसा होने के बाद शहरी क्षेत्र में बेहतर संगठन तैयार होगा जो पार्टी के प्रचार प्रसार में अहम किरदार निभाएगा। इस कार्य में आप अभी से जुट जाएं ताकि आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन कर जीत सुनिश्चित करें। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी, तेजप्रकाश एडवोकेट, विजयपाल एडवोकेट, भोजराज यादव, बिरेंद्र बनिहाड़ी, सुरेंद्र ढिल्लो एडवोकेट, धर्मवीर यादव, विरेंद्र घाटासेर, सतू खटीक, लीलाराम कालबा, बजरंग गुर्जर, बिल्लू बापडोली, रवि भालोठिया, माडूराम, दीपक यादव, सुजान पटीकरा, बहादुर नंगलिया, कुनाल शुक्ला व भूपेंद्र पहलवान सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए चार विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखी

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला हमीरपुर की नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए चार विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने नादौन शहर के लिए चौबीस घंटे पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 44.66 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली परियोजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के निर्माण कार्य इस वर्ष गर्मियों से पहले पूरा कर लिया जाएगा, जिससे नगर पंचायत नादौन के सभी सात वार्डों के



निवासियों को चौबीस घंटे पेयजल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में अत्याधुनिक यूवी फि ल्टर तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

**44.46 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना में होगा अत्याधुनिक यूवी फि ल्टर तकनीक का इस्तेमाल**

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 43.06 करोड़ रुपए की लागत से नादौन में बनने वाले हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल का शिलान्यास भी किया, जिसे जुलाई 2025 तक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह होटल पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने गगाल में 6.54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह तथा जलाड़ी में 14.02 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मॉडल करियर एवं स्किल सेंटर की आधारशिला भी रखी। स्किल सेंटर जून, 2025 तक बनकर तैयार कर लिया जाएगा।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हिमाचल विरोधी दृष्टिकोण से कार्य कर रही है और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कोई भी सांसद हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावितों के लिए आर्थिक मदद मांगने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अथवा अन्य केंद्रीय नेताओं से नहीं मिला। यही नहींए प्रदेश सरकार ने नियमानुसार लगभग 9700 करोड़ रुपए के दावे केंद्र सरकार को भेजे हैं, जो हिमाचल प्रदेश को दिसम्बर माह में मिलना चाहिए थे, लेकिन भाजपा नेता इस धनराशि को जारी करने में रोड़े अटका रहे हैं।

# नैनोकणों के एंटीफं गल गुणों पर मिला पेटेंट, नौणी विवि की वैज्ञानिक शामिल

**पेटेंट**

**8 डॉ. मोनिका पिछले छह वर्षों से नैनोकणों के एंटीफंगल गुणों के क्षेत्र में काम कर रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा वैज्ञानिकों की चार सदस्यीय बहु-संस्थागत टीम को नैनोकणों के एंटीफंगल गुणों पर पेटेंट प्रदान किया गया है। टीम में डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी की एक वैज्ञानिक शामिल हैं। विश्वविद्यालय के औदयानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, नेरी, हमीरपुर में पादप रोग विज्ञान



विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. मोनिका शर्मा ने एमिटी यूनिवर्सिटी और आईएसआरसी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर इस पेटेंट को हासिल किया है। नैनोकणों में नए रोगाणुरोधी एजेंटों के रूप में उपयोग करने की क्षमता है और इसलिए फसलों में रोगों के प्रबंधन के लिए सिंथेटिक कवकनाशी के विकल्प के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है। नैनोकणों में अपने लक्ष्य स्थलों के लिए उच्च प्रतिक्रियाशीलता होती है और इसलिए बहुत कम मात्रा पर भी फंगल रोगजनकों की वृद्धि और गतिविधि को प्रभावित करते हैं। डॉ. मोनिका पिछले छह वर्षों से नैनोकणों के एंटीफंगल गुणों के क्षेत्र में काम कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय ख्याति शोध पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित कर चुकी हैं। नौणी विवि के कुलपति ने वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की और कहा की बदलती जलवायु में कई रोगजनक समस्याओं का सामना कर रहे किसानों के लाभ के लिए इसे शोध को आगे बढ़ाने का जरूरत है। निदेशक अनुसंधान डॉ. संजीव चौहान ने भी शोधकताओं को बधाई दी।

## भैरां में अवैध शराब सहित एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना अंब के तहत भैरां में पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को काबू किया है। जानकारी के मुताबिक अंब पुलिस मंगलवार रात्रि भैरां में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर सुभाष चंद निवासी भैरां, अंब की तलाशी ली, जिससे पुलिस ने अवैध शराब की एक पेटी बरामद की।

डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने सुभाष चंद के खिलाफ अवैध शराब रखने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला के सरकारी अस्पतालों में क्रस्ना लैब ने रोकी की सेवाएं

**सेवाओं पर रोक**

**8 -क्षेत्रीय अस्पताल के साथ साथ 15 स्वास्थ्य संस्थाओं में परेशान हुए मरीज**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

मरीजों को निशुल्क और सस्ती दरों पर डायग्नोस्टिक सेवायें उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री निशुल्क निदान योजना के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में चल रही क्रस्ना डायग्नोस्टिक ने सरकार की ओर से भुगतान न होने के चलते सेवाओं पर रोक लगा दी है। जिसके चलते जिला



ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल के साथ साथ 15 अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न टेस्ट के लिए पहुंचने वाले मरीजों को खासी दिक्क्तों का सामना करना पड़ा। हालांकि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में स्वास्थ्य विभाग की अपनी लैब व एक्स-रे मशीन चलने से मरीजों को राहत मिली है। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री निशुल्क निदान योजना के तहत क्रस्ना कंपनी के साथ एमओयू साइन हुआ था, जिसके तहत जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न टेस्ट निशुल्क व सस्ती दरों पर किए जाने थे। इनमें 130 टेस्ट निशुल्क व अन्य टेस्ट सस्ती दरों पर किए जा रहे थे। साथ ही क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में एक्स-रे की सुविधा भी कंपनी द्वारा दी जा रही थी। प्रदेश सरकार द्वारा लंबे समय से भुगतान न करने के चलते कंपनी ने मरीजों को सुविधाएं देने पर रोक लगा दी। बुधवार को भले ही सभी लैब खुली रही, लेकिन प्रयोगशालाओं में सुविधाओं को बंद रखा। जिसके चलते मरीजों को अपनी जेब ढीली कर निजी प्रयोगशालाओं का रूख करना पड़ा। क्रस्ना कंपनी के जोनल मैनेजर पंकज चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बकाया राशि का कुछ समय से भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसको लेकर सरकार को कई बार अवगत करवाया गया। पेमेंट न होने के चलते कंपनी के आदेशानुसार रात 12 बजे के बाद से क्रस्ना लैब में सुविधाओं को बंद कर दिया गया। जिसके चलते क्षेत्रीय अस्पताल ऊना सहित 15 सीएच और सीएचसी में मरीजों के टेस्ट नहीं हो रहे है। जबकि पीएचसी की पेमेंट होने के चलते जिला की 25 लैबों में टेस्ट का कार्य जारी है। वहीं जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव वर्मा ने बताया कि पेमेंट का भुगतान न होने पर अस्पताल में निजी कंपनी द्वारा लैब में टेस्ट की सुविधा बंद कर दी गई है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की अपनी लैब में रोजाना की तरह ही टेस्ट हो रहे हैं, जिसके चलते मरीजों को कोई दिक्कत नहीं पेश आ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता को बरगलाकर सत्ता हासिल करने वालों का घमंड होगा चूर: भाजपा

**-कहा, जनप्रतिनिधि को कर्तव्यबोध न होना, कुटलैहड़ का दुर्भाग्य**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कुटलैहड़ के विधायक द्वारा पूर्व मंत्री पर की गई बयानबाजी पर भाजपा मंडल कुटलैहड़ के उपाध्यक्ष राजिंदर रिंकू, राज कुमार, मंडल महामंत्री मास्टर रमेश व बीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा ने ऐतराज जताते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह कुटलैहड़ का दुर्भाग्य है कि एक ऐसा व्यक्ति विधायक बन गया है, जिसे एक जनप्रतिनिधि के अधिकारों व कर्तव्यों का भी ज्ञान नहीं हैं। भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर पर विधायक भुटटो द्वारा की गई बयानबाजी की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि झूठ और फरेब से सत्ता हासिल करने वाले का घमंड जल्द ही चूर होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक काफी अरसे तक बीडीसी रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक एक जनप्रतिनिधि को मिले अधिकारों और कर्तव्यों का भी ज्ञान नहीं है, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने विधायक देवेंद्र सिंह भुटटो के एक साल के कार्यकाल को कुटलैहड़ के लिए काला अध्याय बताते हुए कहा है कि वीरेंद्र कंवर के नेतृत्व में जहां क्षेत्र का बहुआयामी विकास हुआ, वहीं इस एक साल में कुटलैहड़ 5 साल पीछे चला गया है। यहां के स्कूलों, अस्पतालों व अन्य मूलभूत सुविधाओं में बड़ी गिरावट आई है। भाजपा नेताओं ने विधायक को नसीहत देते हुए कहा है कि वे क्षेत्र के विकास की ओर ध्यान दें व पूर्व मंत्री की चिंता न करें।

### इंदिरा मैदान में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 14 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला कुश्ती संघ ऊना द्वारा 14 जनवरी को राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा स्टेडियम ऊना में करवाया जा रहा है। यह जानकारी कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव डिंपल ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाडियों की आयु 20 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। खिलाडियों का वजन रविवार सुबह 8 से 9 बजे तक होगा। जिन खिलाडियों की आयु 18 व 19 वर्ष है, वे मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ हिस्सा ले सकते है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाडियों का आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि महिला प्रतियोगिता में 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72 व 76 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले होंगे। वहीं पुरूष वर्ग में 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 व 125 किलोग्राम के मुकाबले खेले होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में महिला पहलवानों की एंट्री फीस नहीं ली जाएगी।

### कुटलैहड़ में हर वर्ष 200 छात्राओं की पढ़ाई का खर्च उठाने का हमारा निर्णय: भुट्टो

-सरोह स्कूल में विधायक ने होनहारों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

कुटलैहड विस क्षेत्र में हर वर्ष 200 गरीबी रेखा से नीचे वाली छात्राओं का पढ़ाई का खर्च उठाने का हमने निर्णय लिया है। इसकी शुरूआत सरकारी स्कूल हटली से हमने दी है। हमारा उद्देश्य है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कोई भी छात्र गरीबी या फिर पैसे की तंगी होने के कारण पढ़ाई से वंचित नहीं रहेगा। यह शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुटटो ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोह में वार्षिक समारोह में शिरकत करते हुए कही। विधायक देवेंद्र भुटटो ने कहा कि शिक्षक छात्रों के उज्जवल भविष्य को तराशते है और शिक्षकों द्वारा दिए गए संस्कारों एवं प्रेरणा से युवा स्कूल से शिक्षा ग्रहण करके बड़ा मुकाम हासिल करते है। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र को शिक्षा का मॉडल बनाने के लिए हमारा निरंतर प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का समग्र विकास करवाना हमारी प्राथमिकता है। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व पानी जनता की रोजमर्रा की जरूरत है। बीते 20 वर्षों केवल इनपर राजनीति ही हुई है, लेकिन हमने एक वर्ष में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में इन मूलभूत ढांचे को सुद्दढ़ करने के लिए प्रयास किये है। वार्षिक समारोह में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रिंसिपल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्यतिथि देवेंद्र भुटटो ने स्कूल मुख्यालय पर शहीदी गेट एवं श्मशान घाट के लिए पक्का रास्ता करने की बात कही।

## सरकार से सब्सिडी न मिलने पर हिमाचल के सभी अस्पतालों में कृष्णा लैब ने आज बंद किए टेस्ट, लोग हो रहे परेशान



**जेब ढीली**

**8 कृष्णा लैब बंद होने की वजह से लोगों को आज अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

सरकार से सब्सिडी न मिलने को लेकर आज हिमाचल प्रदेश के सभी अस्पतालों में लाहौल स्पीति और किन्नौर को छोडकर कृष्णा लैब ने अपनी लैब बंद कर दी है जिस कारण लोगों को निजी लैबों में जाकर टेस्ट करवाने पड़ रहे हैं और अस्पताल में सुबह से ही लंबी लाइन लगी हुई है। अस्पताल में टेस्ट सुविधा ना मिलने को लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि कृष्णा कंपनी का काम संतोषजनक नहीं है जहां तक उनकी देनदारी का सवाल है वह उन्हें दी जाएगी लेकिन अगर वो छोड ?ा चाहते हैं तो प्रक्रिया कहते हैं छोड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जितनी भी लैब है वह सक्षम है कि लोगों को बेहतर सुविधा दी जाए लेकिन लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं आने दी जाएगी। हिमाचल प्रदेश में आज कृष्णा लैब द्वारा लाहौल स्पीति और किन्नौर को छोडकर सभी बड़े अस्पतालों में कृष्णा लैब द्वारा टेस्ट सुविधा को बंद कर दिया गया है जिस कारण सुबह से ही अस्पताल में टेस्ट की सुविधा लोगों को नहीं मिल पा रही है हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी शिमला में रोजाना 4000 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं इसी तरह अन्य मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रोजाना 500 से 2000 और इससे ज्यादा की ओपीडी अस्पताल में होती है लेकिन टेस्ट सुविधा न मिलने के चलते लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल सरकार कृष्णा लैब के इस रवैये को किस तरह से देखती हैं और किस तरह से लोगों को आगामी दिनों में टेस्ट की सुविधा का फायदा मिलता है यह देखने लायक होगा लेकिन कृष्णा लैब बंद होने की वजह से लोगों को आज अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है और निजी लैबों में जाकर टेस्ट करवाने पड़ रहे हैं।

## लालसिंगी में सट्टा लगाते एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुराना होशियापुर रोड़ लाल सिंगी पर ऊना पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति से खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम मंगलवार रात्रि को लाल सिंगी में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मोहित शर्मा निवासी वार्ड नंबर एक आर्य नगर ऊना को पर्ची दडा सट्टा व 3950 रुपये की नगदी भी बरामद की है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मोहित शर्मा के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस पर हो सार्वजनिक अवकाश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 17 जनवरी को प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश न होने से सिक्ख समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है। बुधवार को गुरु नानक मिशन संस्था ऊना ने उपायुक्त ऊना राघव शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेज प्रदेश सरकार से प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग उठाई। गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला ने बताया कि देश के लिए



परिवार न्यौछावर करने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश दिवस प्रदेश में संगत द्वारा हर वर्ष बड़े स्तर पर मनाया जाता है। प्रदेश में गुरु से संबंधित दर्जनों ऐतिहासिक गुरूद्वारे है, जहां देश-प्रदेश से संगत इस अवसर पर नतमस्तक होती है।

प्रदेश में इस अवसर पर सार्वजनिक अवकाश ना होने के कारण संगत होने वाले कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाती है। ऐसे में प्रदेश सरकार से मांग है कि गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

# बहडाला स्कूल में रायजादा ने होनहारों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहडाला में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व विधायक व हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग संघ के चेयरमैन सतपाल सिंह रायजादा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारभ मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने पहाड़ी नाटी, पंजाबी गिद्दा, भंगड़ा, नृत्य, देशभक्ति गीत सहित अन्य सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि सतपाल सिंह रायजादा ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए



कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त सुधार की दिशा में बड़े निर्णय ले रही है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब प्राथमिक स्तर से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा आरंभ की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समाज में अच्छा नागरिक बनने के लिए अनुशासन व शिक्षा जरूरी है। यदि पूरी मेहनत व लग्न से काम किया जाए, तो सफलता अपने आप कदम चूमती है। उन्होंने कहा कि किसी भी सफलता को प्राप्त करने के लिए उसके प्रति सच्ची मेहनत व लग्न से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गावों में प्रतिभाओं की कमी नहीं होती, जरूरत है, तो उन प्रतिभाओं को निखारने की। इस मौके पर मुख्यातिथि द्वारा विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश जोशी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष अभिनाश राणा, पंजाब नेशनल बैंक बहडाला के मैनेजर अंकुर भार्गव, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के उपाअध्यक्ष भुपिंदर ठाकुर, हरमेश बसरा, गुरमीत बसरा व यशपाल राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए नगर निगम ने रेलवे के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

सोलन शहर की सुंदरता को बढ़ाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए आज नगर निगम कार्यालय सोलन में निगम की मेयर ऊषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आनंद, वार्ड नं 4 की पार्षद संगीता ठाकुर, वार्ड नं 14 के पार्षद राजीव कौड़ा, कमिश्नर जफ र इकबाल ने रेलवे विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान शहर में रेलवे विभाग के साथ लगती जमीन पर निगम किस तरह से कार्य कर सकती है उसको लेकर आज चर्चा की गई है।

नगर निगम सोलन की मेयर ऊषा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया



कि सोलन शहर को साफ स्वच्छ, सुंदर बनाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए नगर निगम सोलन लगातार कार्य कर रहा है और इसको लेकर आज निगम कार्यालय में रेलवे विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर बैठक की गई है।

**विकास कार्यों में आएगी तेजी**

उन्होंने कहा कि निगम के कुछ वार्डों से होकर रेलवे लाइन गुजरती है ऐसे में यहां पर कई बार विभिन्न कार्यों को लेकर समस्याएं पेश आती है क्योंकि कई बार एनओसी नही मिल पाती है, जिस कारण विकास कार्य प्रभावित होते है, ऐसे में आज शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई है।

**रेलवे लाइन पर सुरक्षा व्यवस्था को किया जाएगा चाक चौबंद**

वहीं उन्होंने बताया कि रेलवे लाइन होने की वजह से लाइन पर नशेड़ी अपना अड्डा जमाये रहते है और लोगों के साथ बतमीजी भी करते है जहां महिलाओं और लोगों को काफ ी दिक्कत आती है, ऐसे में रेलवे लाइन के साथ सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद हो लोगो को कोई दिक्कत न हो इसके लिए अधिकारियों से बात की गई है।

# शास्त्री भर्ती को लेकर सरकार के खिलाफ उठी आवाज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

प्रदेश सरकार द्वारा शास्त्री अध्यापकों के पदों की भर्ती को लेकर नए नियमों को लागू करने का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को ऊना जिला मुख्यालय के शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय में चल रही शास्त्री अध्यापकों की भर्ती के दौरान शास्त्री कर चुके अभ्यर्थियों ने नए नियमों का विरोध किया और उन्होंने सरकार से इस भर्ती को तुरंत रद्द करने की मांग उठाई। संस्कृत संस्कृति संरक्षण संघ जिलाध्यक्ष ऊना सोहन का कहना है कि सरकार



द्वारा शिक्षकों के वर्ग में की जाने वाली शास्त्री अध्यापकों की भर्ती को नए नियमों के अनुसार टीजीटी संस्कृत के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नया नियम लागू किया जा रहे हैं। नए नियम 5 वर्षों तक शास्त्री की डिग्री हासिल करने वाले हजारों लोगों के साथ कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि केवल मात्र चार या पांच विषय पढ? वाले लोगों को शास्त्री अध्यापक के रूप में तैनाती दी जा रही है, जबकि 5 वर्षों तक 35 विषय पढकर उपाधि हासिल करने वाले लोग बेरोजगारी के मुहाने पर खड़े हैं।

# 'ऑनलाइन टास्क-इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से रहे सावधान'

## साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा की तरफ से टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने साइबर फ्रॉड की प्रक्रिया के बारे में बताया कि साइबर अपराधी किस प्रकार आपको साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। सबसे पहले आपके वाट्सएप पर विदेशी या स्वदेशी नम्बरों से मैसेज आता है



जोकि आपको पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे आपको कुछ बडे बडे यूट्यूब चैनल दिये जाते है जिन्हे आपको सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट उन्हे भेजना होता है। जिसके बदले मे वो आपको एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। आपको शुरूआत मे

**बरतें सावधानी**

**8 साइबर अपराधी किस प्रकार आपको साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं साइबर एडवाइजरी जारी की गई**

लगभग 3 सब्सक्राइब का टास्क दिया जाता है और जब आप उन्हे टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ये आपको बोलते हैं कि यदि आपको पैमेंट लेना है तो वो आपको एक टेलीग्राम की आईडी देते है और बोलते हैं कि इस आईडी पर मैसेज कराए जैसे ही आप टेलीग्राम पर मैसेज करते हो तो वो आपकी बैंक डिटेल मांगते हैं। उसके बाद आपके खाते मे कुछ रुपये आ जाते है। उसके बाद ये आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजते हैं कि आप इस ग्रुप मे एड हो जाओ हम आपको इस ग्रुप मे हर आधे घंटे मे इसी प्रकार का लिंक देंगे आपको उसे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीनशॉट वापिस उसी ग्रुप मे भेजना है। उसके बाद आपके कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन द्वारा मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को ओर भी ज्यादा बढाना चाहते है तो आप और पैस इन्वेस्ट करें। इस ग्रुप मे कुछ लोग फर्जी मैसेज भी करते हैं कि मैने इसके माध्यम से बहुत सारे पैसे कमा लिए हैं जिससे व्यक्ति को लालच आ जाता है और आप इसमें और पैसे इन्वेस्ट करने शुरू कर देते हैं। उसके बाद जैसे जैसे आप पैसे डालते जाते हैं तो आपको वो एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाते है, जहां आपको आपके पैसे एक वर्चुअल खाते मे दिखाई तो देते है पर आप जब उन्हे निकालने की कोशिश करते हैं तो आपको बोला जाता है कि दूसरे राउंड मे पैसे लगाने के बाद ही अपने पहले वाले पैसे निकाल सकते है दूसरे के बाद तीसरा और तीसरे के बाद चौथा राउंड। इस तरह आपके पैसे फंस जाते हैं व आप टास्क फ्राड का शिकार हो जाते हैं।

# विज ने जनेतपुर को स्ट्रीट लाईटों की सौगात दी

**विकास कार्य**

**8 जैसे ही लाईटों का स्विच ऑन किया तो पूरा गांव स्ट्रीट लाईटों से सरोबार हो गया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की बदौलत 10 लाख रूपए की लागत से गांव जनेतपुर जगमग रोशनी से सराबोर हुआ। उन्होंने जैसे ही लाईटों का स्विच ऑन किया तो पूरा गांव स्ट्रीट लाईटों से सरोबार हो गया। लाईटों की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया, इससे पहले यहां पहुंचने पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का ग्रामीणों ने पुष्प



माला पहनाकर उनका अभिन्नदन भी किया।

अनिल विज ने इस मौके पर ग्रामीणों को इन लाईटों की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि पूरे गांव में इन स्ट्रीट लाईटों के लगने से गांव की सुन्दरता और बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन लाईटों के लगने से रात के समय में लोगों के आवागमन में सुगमता होगी। उन्होनें कहा कि पहले भी गांव जनेतपुर में लाखों रुपए की लागत से विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। जब भी गांववासियों ने उनके समक्ष गांव में विकास कार्यों से सम्बन्धित जो भी बात रखी है उसे पूरा करवाने का काम किया है। उन्होने कहा कि आगे भी गांववासियों द्वारा जो कार्य बताए जायेंगे उन्हें करवाने का काम किया जायेगा।

## न्यूज फ्लैश

### कुरुक्षेत्र में 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती पर मनाया जाएगा राज्यस्तरीय युवा महोत्सवः सुधा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 12 जनवरी को थीम पार्क में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। इस राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए है।विधायक सुभाष सुधा बुधवार को थीम पार्क में 12 जनवरी को होने वाले राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, एडीसी अखिल पिलानी, मुख्यमंत्री के ओएसडी हितेश यादव, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, डीएसपी सुभाष चंद्र ने थीम पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को पीने के पानी, शौचालय, टेंट, मंच की साज सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, एलईडी, साउंड सिस्टम सहित अन्य प्रबंध करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के आदेश भी दिए है।विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी को थीम पार्क में किया जा रहा है। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के हर जिले से लोग शिरकत करेंगे। इसके लिए बसों की व्यवस्था की जाएगी और कुरुक्षेत्र के साथ-साथ प्रत्येक जिले में कार्यकताओं की डयूटियां लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक है और आने वाली पीढि?ों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने एवं राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लेने की जरुरत है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन वाक्य के शब्दों उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए, का अनुसरण करना चाहिए। भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि इस राज्यस्तरीय युवा महोत्सव को लेकर कार्यकताओं की ड्यूटियां लगा दी गई है और सभी कार्यकर्ता मेहनत और ईमानदारी के साथ काम करेंगे।

### 2047 तक विकसित भारत को बनाने में सभी का योगदान होना बहुत जरूरीः विधु रावल

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा के** प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने गांव झाम्बा में पंहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का रथ लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए भेजा है और 2047 तक विकसित भारत को बनाने में सभी का योगदान होना बहुत जरूरी है।

विधु रावल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना 2014 में देखा था उसकी परिकल्पना तैयार कर दी गई है और लोगों को योजनाओं का लाभ उनके घर द्वार पर भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत यात्रा से हर चेहरे पर मुस्कान आ रही है। पहले गरीबों की कोई नही सुनता था। प्रदेश में जब से मनोहर सरकार आई है बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर गरीब आदमी को नौकरी दी जा रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने कहा कि सरकार ने गरीब व्यक्तियों के लिए फ्री में राशन देने की व्यवस्था की है और गरीब व्यक्ति के लिए एक से एक योजना तैयार की है। आज के समय में योजनाएं गरीब आदमी तक पंहुच रही है। पहले गरीब आदमी योजनाओं के लिए धक्के खाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण ही पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था में भी अभूतपूर्व परिवर्तन आया है और एक देश की सुदृढ अर्थव्यवस्था बनी है।

# 'संतों के विचारों को सुनकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए'

## श्री गुरू रविदास आश्रम में धूमधाम से मनाया महात्मा गुरपाल दास जी का जन्मदिन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक) लाडवा-मुस्तफाबाद रोड़** पर स्थित श्री गुरू रविदास आश्रम में आश्रम के संचालक महात्मा गुरपाल दास जी का जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की व महात्मा गुरपाल दास को जन्मदिन की बधाई दी।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि महात्मा गुरपाल दास जी की अगुवाई में हर महीने आश्रम में सत्संग व विशाल भंडारे का



आयोजन होता है, इनकी अगुवाई में आज आश्रम बुलंदियों को छू रहा है और दूर-दूर से संगत आश्रम में आती है। उन्होंने कहा कि संतो व महात्माओं के तो सभी को विचार सुनने चाहिए और विचारों को सुनकर अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए और अच्छे मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। वहीं महात्मा गुरपाल दास ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग समय-समय पर आश्रम में आते रहते हैं, संदीप गर्ग आश्रम के सदस्य है और कभी भी किसी कार्य को मना नहीं करते। वहीं इससे पूर्व आश्रम में महात्मा गुरपाल दास जी के जन्मदिन पर सत्संग व भंडारा आयोजित किया गया। मौके पर इमना कटारिया, शमशेर, विनोद, रूपा रानी, विशाल, राजेश, संजीव, किरण, सुषमा, शकुंतला, सरोज, सोनिया आदि मौजूद थे।

# गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**गणतंत्र दिवस** समारोह स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में गणतंत्र दिवस समारोह के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति से ओत-प्रोत रहेंगे और सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखते हुए सभी अधिकारी और कर्मचारियों को परिचय पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने समारोह स्थल व आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत का राष्ट्रीय पर्व है ऐसे में कार्यक्रम को लेकर जिस भी विभाग की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको पूरी संजीदगी के साथ से पालन किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थानों में समारोह को लेकर तैयारियां शुरू की जाए, ताकि कार्यक्रम को रोचक बनाया जा सके। डीसी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, स्कूली विद्यार्थियों के पीटी-डंबल शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं, गणमान्य लोगों तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह रविवार को

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

शहर की अग्रणी संस्था सैनी सभा रजिस्टर्ड नारनौल का 90वा स्थापना दिवस एवं महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह 14 जनवरी रविवार को रेवाड़ी रोड स्थित सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सैनी सभा के महासचिव निहाल सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सुनील परिहार प्रसिद्ध उद्योगपति जोधपुर व कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी करेगी। समारोह में दीप प्रज्वलित राजेंद्र सैनी उफ टिंकू नगर पार्षद, ध्वजारोहण त्रिलोकचंद सैनी समाजसेवी करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि बिशनलाल सैनी विधायक रादौर, राम अवतार सैनी विधायक नूरपुर (उत्तर प्रदेश) दिलबाग सिंह सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज, बैजनाथ कुशवाहा पूर्व विधायक संभल (मध्य प्रदेश) रघुवीर सैनी बुरहानपुर, कर्मवीर सैनी प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी जींद, पालाराम सैनी जिला प्रधान जेजेपी कैथल, सत्यवीर सिंह सैनी नवा शहर पंजाब, छोटे लाल सैनी उद्योगपति गंगापुर सिटी, विष्णु सैनी सभापति नगर परिषद चोमू, अरविंद सैनी प्रदेश मीडिया सह प्रमुख, रमेश सैनी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी सेल, परमेश्वर लाल सैनी संबलगढ़, दुर्गा प्रसाद सैनी प्रतिनिधि सभापति नगर परिषद कोटपुतली आदि अनेक लोग कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# 'गंदे पानी की निकासी में रोडा बने दुकानदारों पर होगी कार्रवाई'

**समालखा/( कुलदीप सिंह )**

**शहर के** वार्ड चार स्थित जौरासी रोड पर दुकानदारों के अतिक्रमण व गंदे नाले की सफाई कर कालोनियों वासियों को राहत दिलाने पहुंचे पालिका चेयरमैन व अधिकारियों को दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा जिस कारण करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सरकारी अमला दुकानदारों को चेतावनी देकर वापस लौट आया। जबकि समाजसेवी व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शशिकांत कौशिक पालिका सीमा से बाहर जेसीबी से नाले की सफाई कराई।



उल्लेखनीय है कि वार्ड चार स्थित जौरासी रोड पर कुछ दुकानदारों द्वारा नाले के उपर अतिक्रमण करने से की वर्षों से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जिससे कालोनी वासियों का जीवन नर्क के समान बना हुआ है। कालोनी वासियों राज कुमार, वीरमती,प्रीति,पवन, प्रदीप, रामकिशन, कृष्ण, राजेन्द्र, धर्म पाल, हरिराम ने बताया कि वे पिछले छः महीने से पालिका अधिकारियों व पीडब्ल्यूडी विभाग को गंदे पानी की निकासी की गुहार लगाने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। नाले गंदे पानी से कट्टे पड़े हैं।कई बार तो कालोनी वासी अपने खर्चे पर पानी निकलवा चुके हैं।इसी बीच कालोनी वासियों की मांग पर समाज सेवी शशिकांत कौशिक ने सोमवार को अपने खर्चे पर जेसीबी मशीन से पालिका सीमा के बाहर जौरासी रोड पर नाले की खुदाई व सफाई करवाई।इसी तरह मंगलवार को पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल पालिका सचिव मुकेश कुमार, जेई गौरव कुमार व पार्षद रेनू धीमान को साथ जेसीबी लेकर पहुंचे। मौके पर दुकानदारों के विरोध के चलते चेयरमैन अशोक कुच्छल ने पुलिस भी बुलाई तथा पीडब्ल्यूडी के जेई कुलबीर को भी मौके पर बुलाया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पालिका अधिकारियों का अमला बिना कोई कार्रवाई किए वापस लौट आया।इस संदर्भ में पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल ने बताया कि गंदे पानी की निकासी के स्थायी समाधान निकाला जायेगा।

# पटवारियों की हड़ताल से जनता परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) बढ़ा** वेतनमान एक जनवरी 2016 से लागू करने साहित अनेक मांगो को पूरा करने की मांग को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर हड़ताल पर बैठे पटवारियों को समर्थन देने के लिए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता धरना स्थल पर पहुंचे। पटवारियों की मांगो का समर्थन करते हुए मौजूदा गठबंधन सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहाकि कुछ समय पूर्व हड़ताल पर बैठे पटवारियों की हड़ताल खत्म करने के समय सरकार ने वायदा किया था कि बढ़ा हुआ वेतनमान जनवरी 2016 से नोशनली लागू किया जाएगा और पटवारियों से प्राप्त जानकारी अनुसार वेतनमान बढ़ाने के पहले



नोटिफिकेशन मे भी बढ़ा हुआ वेतनमान जनवरी 2016 से लगू करने बारे कहा गया था। उन्होंने कहाकि पटवारियों पर कम का दबाव भी बहुत ज्यादा होता है। निशानदेही, इंतकाल, गुरदोरी, सत्यापन, विरासत का इंतकाल, बीएलओ, विशेष गुरदोरी साहित अनेक कार्य पटवारी को करने होते हैं और प्रत्येक पटवारी के पास ओस्त 10 से 20 गावों का प्रभार होता है। कई पटवारियों के पास तो 3 से 4 सर्कल तक का प्रभार है। पटवारियों की हड़ताल के करण आम जनता के रजिस्ट्री, इंतकाल व सत्यापन साहित अनेक कार्य रुके हुए है और जनता परेशान है। वैसे भी प्रदेश मे इस समय पटवारियों जे लगभग 4000 पद है जिनमे से लगभग 1400 पर ही पटवारी नियोक्त है। बाकी पद खाली है जिन्हे तुरंत भरा जाना चाहिए ताकि पटवारियों पर कार्य का लोड कम हो सके। आज अगर पटवारियों की भरती की प्रक्रिया शुरू होती है तो पटवारी को कार्यभार संभालने मे 2 से 3 वर्ष का समय लगता है क्योकि डेड वर्ष से अधी समय की तो ट्रेनिंग ही होती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी जायज मांगो को तुरंत माना जाए ताकि जनता के कार्य पूरे हो सके।

# 'दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत में हुआ इजाफा'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा नेता** ऋषिपाल रावल ने गांव जलालपुर-1 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है इससे दुनिया के दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत, मानदसम्मान बढ़ा है। आज के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री हैं। हिंदुस्तान को 2047 में विकसित करने का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा है, उस सपने को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों को बताने के लिए चलाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में जिस तरह से पारदर्शिता आई है उससे नौकरियों में सबका हक हुआ है। यह बदलाव प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के कारण ही संभव हो पाया है। भाजपा नेता ऋषिपाल रावल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए कहा कि आने वाले कल में विकसित भारत किस तरह से बने यही मोदी जी का सपना है और इसको हम सब ने मिलकर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी।

# 'मेरट के आधार पर हो रही नियुक्तियां'

## कामयाबी की बुलंदियों को छू रही विकसित भारत संकल्प यात्रा, आयुष्मान कार्ड से गरीबों का हो रहा मुफ्त इलाज

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत ग्रामीण** विधानसभा क्षेत्र से विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आसनकलां व गढ़ी सिकंदरपुर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन का प्राथमिक दायित्व है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद का भी यही उद्देश्य है कि ग्रामीणों को उनके गांव में ही योजनाओं की जानकारी दी जाए और पात्र

**दायित्व**

**8 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन का प्राथमिक दायित्व है।**

लाभार्थियों को योजनाओ का मौके पर ही लाभ मिले।

उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि सरकार जीवन सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपये में व्यक्ति का दो लाख रुपये का बीमा किया जाता है हमे उसका लाभ लेना चाहिए। जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 426 रुपये में पांच लाख रुपये तक का बीमा हो रहा है। इन योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को लेना चाहिए। उन्होंने कहा की एक लाख 80 हजार से तीन लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार भी मात्र 1500 रुपए वार्षिक जमा करवाकर आयुष्मान चिरायु योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ भी ग्रामीणों को दिलाई और विभिन्न उत्कृष्ठ विद्यार्थियों, गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया।

# एनडीए में दाखिले के विषय में महत्वपूर्ण दी जानकारीः एन एस

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा दिन रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सचिंद्र कोड़ा जी ने मुख्य अतिथि कर्नल एस एन शर्मा, रिटायर्ड कर्नल का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने वक्तव्य में स्वयं सेवकों को एनडीए में दाखिले के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

उन्होंने यह भी बताया कि 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात किन-किन क्षेत्रों में छात्र आर्मी में जा सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को फर्स्ट एड की भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सायं कालीन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर आनंद शर्मा जी ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना और इसके तहत किए जाने वाले कार्यों के ऊपर विस्तृत चर्चा की और बताया कि स्वयंसेवक इस कैंप में सबसे पहले अपने व्यक्तित्व विकास के ऊपर ध्यान दें और फिर समाज में जाकर भलाई के कार्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि एक स्वयंसेवक का सबसे बड़ा उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना भी होना चाहिए।

# खाटू वाले की हर बात अनोखी... पर झूमे श्याम भक्त...

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)श्री खाटू** श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा मंगलवार देर सांय श्री खाटू श्याम मंदिर में श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक राजीव कुमार परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम भजनों से समां बांधा। साथ ही हनुमान जी के भी भजन सुनाए गए। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ।

दरबार अनोखा सरकार अनोखी, खाटू वाले की हर बात अनोखी..., काली कमली वाला मेरा यार है..., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढ़ाओ..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया..., मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... और चल खाटू की नगरी सेठ बना देगें बाबा... इत्यादि भजनों पर श्याम प्रेमी मस्ती में झूम उठे। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में मंदिर विस्तार हेतु निर्माण कार्य आरंभ हो गया है अतः इस पुनीत कार्य में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्याम गाथा में बताया कि कलयुग में खाटू श्याम जी की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

खाटू श्याम जी के संपूर्ण जीवन चरित्र में बताया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे हैं, इन्हें तीन बाणधारी भी कहा जाता है। अपनी माता को दिए हुए वचन के अनुसार जो भी हार कर इनके दरबार में जाता है, उसकी यें पूरी सुनवाई करते हैं।

# चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के पुनः अध्यक्ष बने राजू कोहली

## आदर्श नगर इलाके के फूड सिक्सटिन रेस्टोरेंट में चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन की अहम बैठक का किया गया आयोजन














**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके के फूड सिक्सटिन रेस्टोरेंट में चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन की अहम बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में जहां एक और चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से राजू कोहली को अध्यक्ष बनाया, वहीं चैम्बर ऑफ यूथ एसोएिशन की दसवीं वर्षगांठ भी मनाई गई, तो वहीं मंडी के कई बुजुर्गों का सम्मान किया गया।

इस दौरान चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू कोहली (प्रवीन कोहली) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आपको बतादें कि यह कार्यक्रम चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के वरिष्ठ सलाहकार अशोक कौशिक, विजय तालरा की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू कोहली (प्रवीन) ने जानकारी देते हुए बताया कि राजू कोहली की अध्यक्षता में जनरल हाउस की मीटिंग बुलाई गई और दसवीं वर्षगांठ मनाई गई, बुजुर्गों का सम्मान किया गया। बुजुर्गों को शॉल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

### धूमधाम से मनाई गई चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन की वर्षगांठ

**चैम्बर** ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू कोहली ने बताया कि आज हम सभी ने मिलकर चैम्बर ऑफ यूथ एसोएिशन की दसवीं वर्षगांठ बड़ी ही धूमधाम से मनाई है। मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं। इस मौके पर राजू कोहली ने एसोसिएशन के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।

**एसोसिएशन के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बने राजू कोहली:** बैठक में सर्वसम्मति से निर्विरोध राजू कोहली को चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष बनने पर वहां पर मौजूद लोगों ने राजू कोहली को बधाई दी और उनका स्वागत किया।

**बैठक के दौरान एसोसिएशन की दसवीं वर्षगाठ मनाई गई:** चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू कोहली ने बताया कि आज हम सभी ने मिलकर चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन की दसवीं वर्षगांठ बड़ी ही धूमधाम से मनाई है।

**एसोसिएशन ने मंडी के बुजुर्गों का किया सम्मान:** राजू कोहली ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादपुर मंडी के कई बुजुर्गों का सम्मान किया गया उन्हें शॉल और सर्टिफिकेट दिये गये।

**ये बने चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के नये पदाधिकारी:** राजू कोहली ने जानकारी देते हुए बताया कि मुझे जहां एक ओर सर्वसम्मति से एसोसिएशन का पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया, इसके अलावा नवनियुक्ति महासचिव जितेन्द्र खुराना, महासचिव सहायक रिंकू विज, उपप्रधान योगेश कौशिक, कार्यकारिणी मौसिन खान, सहसचिव शमीम अहमद और लगभग 35 लोगों को चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के परिवार में शामिल किया गया है।

**ये लोग रहे मौजूद:** मेठाराम कृपलानी चैम्बर ऑफ फ्रूट एसोसिएशन के अध्यक्ष, राजू भाटिया महासचिव चैम्बर ऑफ फ्रूट एण्ड वेजीटेबल, सतीश ढल, परमानन्द पम्मा अध्यक्ष एप्पल एक्सपोटर एसोसिएशन, अंगूर एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय दुआ, अनार मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश, न्यू अनार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन बगई, मंडी के वरिष्ठ पूरन सोनकर लोकल सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष, लोकल सब्जी एसोसिएशन के महासचिव रिचपाल सिंह चौहान, सकरकंदी एसोसिएशन के प्रधान रोशन लाल कश्यप, चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय सिसोदिया, कोषाध्यक्ष तरूण सचदेवा, महासचिव अनिल गोयल, सहसचिव राकेश पम्मी, खीरा एसोसिएशन सुशील सोनकर, अशोक भाई, महेन्द्र शर्मा, राजू सैनी, बनाना मचेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार तजेन्द्र सिंह माकन, वैरेन्गल मर्चेन्ट एसोसिएशन के प्रधान विनोद बाजाज, सहसचिव नीतू आनन्द, सहसचिव विशाल गोयल, एवं सौरभ, पप्पू पीसी, दिनेश भाई आलूवाले एवं चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के सभी सदस्यगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वजीरपुर: अयोध्या से आए पूजित अक्षत और पत्र बांटे






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** स्थित जे.जे कॉलोनी वजीरपुर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत, श्री राम प्रभु के मंदिर का भव्य चित्र और आमंत्रण पत्र घर-घर जाकर बांटे जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला कमला नगर से बजरंग दल पूर्व सह संयोजक सुमित चौहान ने बताया कि सभी परिवारों से 22 जनवरी 2024 को भव्य दीपावली मनाने का निवेदन किया गया। पूजित अक्षत प्राप्त करते हुए लोगों ने माथे से लगाकर स्वीकार किए। वर्ष में दो बार दीपावली मनाने की बात कही। जय श्री राम के जयघोष लोग लगा रहे हैं।

लोगों का कहना था कि 500 वर्ष के इंतजार के बाद यह खुशी देखने को मिल रही है। प्रवीण चौहान (बादशाह चौहान), विजय सिसोदिया, आदर्श भल्ला, हर्ष कुमार, दीपक गुप्ता, योगी डूबे, राजकुमार शर्मा, रामचंद्र, राजकुमार गौमावत, श्याम लाल, सतबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने एलजी व सीपी को लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल** नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बुराड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में घने आबादी घनत्व के चलते पुलिस बल में वृद्धि हेतु दिल्ली उपराज्यपाल, संजय अरोड़ा, पुलिस आयुक्त दिल्ली, सोनिका सिंह, जिला मजिस्ट्रेट मध्य, विजय कुमार मीना, डीसीपी नॉर्थ और मीनू त्यागी, एसडीएम, सिविल लाइंस को पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि संत नगर, बुराड़ी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, क्षेत्र के काफी लोगों की शिकायत है कि पिछले कुछ समय से यहां उपद्रव और गुंडागर्दी काफी बढ़ गई है, कुछ अज्ञात उपद्रवी लोग/अपराधी तत्व संत नगर और बुराड़ी इलाके के दुकानदारों को धमकाते हैं और दुकानों को सुचारू रूप से चलाने के लिए हफ्ता वसूली (साप्ताहिक पैसा) मांगते हैं। नहीं देने पर आम दुकानदारों और आम जनता के साथ बदतमीजी, हिंसा और असभ्य व्यवहार करते हैं। उन असामजिक तत्वों का यह रवैया बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि कुछ लोगों की शिकायत पर बुराड़ी थाना पुलिस ने प्रभावी ढंग से कदम उठाया और इन लोगों को पकडा भी, जिसके लिए बुराड़ी थाना प्रभारी राजिंदर प्रसाद और उनका स्टाफ बधाई के पात्र हैं। लेकिन बुराड़ी क्षेत्र बहुत ही बड़ा और घना है, इसलिए ज्यादा आबादी घनत्व के कारण मौजूदा पुलिसकर्मियों की संख्या के साथ इस क्षेत्र का निरीक्षण करना, निगरानी करना बहुत मुश्किल है। यहां तक कि तंगहाल और कच्ची गलियों के चलते पुलिस जीप गश्त करने, क्षेत्र की निगरानी करने और किसी भी पीड़ित तक पहुंचने में काफी समय लेती है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि आप हालात और मामले की गम्भीरता को समझते हुए इस क्षेत्र में पुलिस कार्यबल की संख्या बढ़ा दें तो क्षेत्र में किसी भी किस्म की गुंडा गर्दी पर नकेल कसी जा सकेगी, अन्यथा पुलिस संख्या बल की कमी के चलते उपद्रवी गतिविधियाँ बढ़ेंगी और उन्हें नियंत्रित करना मुश्किल होता रहेगा।

बुराड़ी थाना में पुलिस बल बढ़ाने को लेकर हम आपको पहले भी पत्र लिख चुके हैं और आशा करते हैं कि आप क्षेत्रीय जनता की परेशानी को समझते हुए जल्द ही बुराड़ी थाना क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करेंगे।

# 'न्याय के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री से जल्द एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंथक जत्थेबंदियों के साथ मिलकर आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व कार्यकारी जत्थेदार सिंह साहिब भाई गुरदेव सिंह काऊंके की 31वीं बरसी मनाई। कार्यक्रम में भाई काउंके जी का परिवार विशेषतौर पर उपस्थित हुआ।

जिसमें भाई काउंके की धर्मपत्नी गुरमेल कौर, पुत्र हरी सिंह व मुख्य गवाह दर्शन सिंह हठूर सहित काउंके परिवार उपस्थित रहा। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने भाई काउंके के परिवार के सदस्यों, उनकी पत्नी, बेटे सहित सभी पंथक शख्सियतों को समारोह में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हम सबसे पहले इस बात के लिए माफी मांगते हैं कि आज 31 साल बाद पुण्यतिथि मनाई जा रही है क्योंकि पंथ का वोट लेने वालों ने कभी ऐसा नहीं होने दिया, जब हमने इस वर्षगांठ को मनाने का ऐलान किया तो उन लोगों ने हम पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। जिन्होंने भाई लक्खी शाह वणजारा हॉल में सिखों के हत्यारों को सम्मानित किया था। जिन लोगों ने पंथ के नाम पर वोट लेकर सरकारें बनाईं सत्ता सुख भोगा मगर कभी भाई काउंके जी को न्याय देने की बात नहीं की और जब हमने ऐसा करना शुरू किया तो इस पर राजनीति शुरू हो गई।

इस अवसर पर पंथक फैसले के अनुसार भाई काउंके को न्याय दिलाने के लिए वकीलों की पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष पंजाब के पूर्व महाधिवक्ता एडवोकेट छिंदरपाल सिंह बराड़ को नियुक्त किया गया। उनके साथ टीम में एडवोकेट जसप्रीत सिंह रॉय, एडवोकेट जसदीप सिंह ढिल्लों, एडवोकेट दर्शन सिंह मालवई और एडवोकेट संजीव गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर भाई काउंके जी के परिवार को भी सम्मानित किया गया। सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि इस पांच सदस्यीय टीम सहित दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व पंथ की अन्य शख्सियतों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पंजाब के मुख्यमंत्री से मिलेगा और भाई काउंके के कातिल पुलिस अधिकारियों व न्याय न देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा। आज यहां हुई पंथक एकजुटता में चार प्रस्ताव पारित किये गये जिनके माध्यम से श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह से सरदार प्रकाश सिंह बादल को दिया गया सम्मान वापस लेने की अपील की गयी।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में दिये अक्षत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**22** जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त अयोध्या से आए पूजित अक्षत व अन्य सामग्री वितरण की कड़ी में आरडब्ल्यूए के मुख्य संरक्षक प्रकाश अग्रवाल, आदर्श नगर बस्ती प्रमुख अरुणोदय गुप्ता, संरक्षक सुरेंद्र पुनियानी, मनीष अग्रवाल, रिंकू साहनी, अजवेंद्र चौहान, दीपक अग्रवाल राम भक्तों की टोली ने श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सरदार बलदेव सिंह पुरी, सरदार मंजीत सिंह सोढी, सरदार पृथी सिंह, प्रिंसिपल शिखा गुप्ता से मिलकर उन्हें अक्षत वितरण किए। समस्त स्कूल कमेटी ने अयोध्या जी में श्री राम मंदिर बनने पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की।

# सामाजिक समरसता से मजबूत होता है राष्ट्र का निर्माण: संजय शर्मा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सामाजिक** एकता का अर्थ है जाति धर्म वर्ण से ऊपर उठकर एक साथ रहना। सामाजिक एकता विपरीत परिस्थिति में भी एक दूसरे को मदद करने के लिए प्रेरित करता है।

सामाजिक एकता का अर्थ है जाति, धर्म, वर्ण से ऊपर उठकर एक साथ रहना।

इसी के साथ ही त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र वार्ड-63 से संजय शर्मा व पूर्व पार्षद मंजू संजय शर्मा निंरतर रूप से क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर रहे है व सभी को एकजुट रहने का संदेश दे रहे है। समाज के निर्माण में एकता विशेष महत्व पर संजय शर्मा ने कहा कि मजबूत समाज के निर्माण में एकता विशेष महत्व रखता है। विभिन्नता से परिपूर्ण देश के लिए सामाजिक एकता महत्वपूर्ण अंग है। सामाजिक एकता और समरसता प्रत्येक व्यक्ति तथा समाज में जागृत हो सके तो एक दूसरे को सहायता एवं समर्थन के लिए आगे आ सकते हैं। विभिन्न संस्कृति व परंपरा का देश भारत पर पूर्व पार्षद मंजू संजय शर्मा ने कहा कि भारत एक विभिन्न संस्कृति, परंपरा और धर्म आधारित देश है। हमारे देश में अनेक भाषा, धर्म, जाति एवं संस्कृति को मानने वाले लोग एक ही समाज के अंदर रहते हैं, जोकि हमारे आने वाली पीढ़ी के समाज को भी सामाजिक एकता और समरसता के बारे में शिक्षा देने का अवसर देता है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता किसी भी देश व जाति के लिए महत्वपूर्ण होता है। इसके द्वारा व्यक्ति देश प्रेमी बनकर देश की सेवा के लिए हर समय प्रेरित हो सकता है।

# नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष राज वोहरा के नेतृत्व में भाजपा ज़िला फरीदाबाद की बैठक हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
भाजपा कार्यकर्ता सम्पर्क, संवाद और अपनी सकारात्मक कार्य पद्धति के जरिए संगठन की मोचार्बंदी को मजबूत करें । मेरा बूथ सबसे मजबूत मूल मंत्र को आधार बनाकर चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख की संरचना कर बूथ को मजबूत करने का कार्य करें । भाजपा फरीदाबाद ज़िला कार्यालय ह्यअटल कमलह्ल पर भाजपा जिला फरीदाबाद की संगठनात्मक बैठक में नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष राज वोहरा ने यह कहा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राज वोहरा की अध्यक्षता में ज़िला पदाधिकारियों और कार्यकताओं की पहली बैठक



संपन्न हुई । बैठक में जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आर. एन. सिंह,लोकसभा विस्तारक कर्मवीर यादव, मोर्चों के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला, भगवान सिंह, राजबाला सरधाना, नरेश नम्बरदार व लाजर रंजीत सेन और जिले के पदाधिकारी और भाजपा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री मुख्य तौर पर उपस्थित रहे । ज़िला अध्यक्ष ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत हुए कार्यकमों पर समीक्षा की और संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की । उन्होंने संगठनात्मक वृत्त लिया और संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की । वोहरा ने आगे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा की 12 जनवरी कुरुक्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा जिसमे मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे` फरीदाबाद से 1000 के करीब नव मतदाता भाग लेंगे और इसके लिए भाजपा युवा मोर्चा को जिम्मेदारी दी गई । 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमित रामसेवक के रूप में घर घर अक्षत और निमंत्रण पंहुचाना, 14 जनवरी से मंदिर स्वच्छता अभियान में भाग लेना और 22 जनवरी के शुभ अवसर पर अपने अपने क्षेत्र में मंदिरों में होने वाले आयोजन में लोगों को जोड़ना एवं 22 जनवरी को भगवान श्रीराम जी की पूजा अर्चना कर धूमधाम से दीपोत्सव मनाना` ज़िले के पदाधिकारी और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वोहरा ने कहा कि 9 साल के विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर और विकसित भारत संकल्प यात्रा से उनको जोड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलायें । उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को कहा कि हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्त्ता नमो ऐप्प से जुड़ें और लोगों को भी नमो ऐप्प से जोड़ें,मन की बात कार्यक्रम महीने के अंतिम रविवार को हर बूथ पर मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना जाए

# सेक्टर 18 हुड्डा ब्राह्मण समाज द्वारा विजय जैन को समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**
सेक्टर 18 हुडा पानीपत भगवान परशुराम मंदिर में ब्राह्मण समाज ने विजय जैन का फूल मालाओं व पगड़ी पहनकर जोरदार स्वागत किया और ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सम्मानित जनो ने विधानसभा के होने वाले 2024 के चुनाव में विजय दिलाने का समर्थन व ऐलान किया।

दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन वीरेंद्र शर्मा ने समाज को जैन के बारे में जैन को वरिष्ठ समाजसेवी व हर वर्ग की सेवा व भाजपा का वरिष्ठ नेता बताते हुए कहा की विजय जैन एक महान व दानवीर पुरुष है और ऐसे महान पुरुष की पानीपत ग्रामीण विधानसभा में विधायक



बनाने की हर वर्ग की जरूरत है । जैन ने ब्राह्मण समाज के साथ हर दूख सुख- में तन मन धन से समाज की किसी भी कार्य में हर वक्त खड़े रहने का आश्वासन दिया श्री जैन ने जो समाज द्वारा किया गया।

समर्थन पर स्वागत करने पर आभार व धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सुमेर भारद्वाज ,विजेंद्र कौशिक ,ओम दत्त शर्मा ,नरेंद्र शर्मा ,जसवंत शर्मा ,अंकित सिंगल, योगेश चौहान,रामपाल शर्मा, विक्रांत पाराशर ,शक्तिधर शर्मा, मनजीत पांचाल, ,नरेश ,रमेश दांगी, जयप्रकाश त्यागी, वीरेंद्र शर्मा चेयरमन , रमेश मौर्य , आदि भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# एमआरआईआईआरएस के तत्वाधान में मानव रचना डेंटल कॉलेज और अस्पताल की बीडीएस डिग्री को मान्यता मिली

**उत्कृष्टता**

**8 साल 2006 में स्थापना के बाद से ही एमआरडीसी लगातार उत्कृष्टता हासिल करने में जुटा हुआ है**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
मानव रचना डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमआरडीसी) में बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) की डिग्री को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) की ओर से मान्यता दी गई है। नवीनतम अधिसूचना के अनुसार इस मान्यता की घोषणा की गई है। साल 2006 में स्थापना के बाद से ही एमआरडीसी लगातार उत्कृष्टता हासिल करने में जुटा हुआ है। शुरूआत में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) से संबद्ध संस्थान को वर्ष 2013 में पंडित बीडी शर्मा विश्वविद्यालय से संबद्धता मिली। इसके बाद वर्ष 2019 में, कॉलेज ने मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के तहत संबद्धता पाई। एमआरडीसी (अब एमआरआईआईआरएस के तहत) ठअअउ अ++ मान्यता प्राप्त और दर 4-स्टार रेटेड है। प्रिंसिपल डॉ. पुनीत बत्रा के दूरदर्शी मार्गदर्शन में, एमआरडीसी ने खुद को हरियाणा के प्रमुख डेंटल संस्थान के रूप में स्थापित किया है। उत्कृष्ट कार्यों के बल पर कॉलेज ने द वीक बेस्ट कॉलेज रैंकिंग 2023 में हरियाणा में पहले और दिल्ली-एनसीआर में दूसरा स्थान हासिल किया था। संस्थान ने स्थानीय स्तर के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं। साल 2021 में शिक्षा मंत्रालय की ठकफऋ रैंकिंग में मानव रचना डेंटल कॉलेज को भारत में 39 वां स्थान मिला था। एजुकेशन पोस्ट के कफऋ 2021 रैंकिंग में 'सर्वश्रेष्ठ डेंटल कॉलेजों' में 10वां स्थान पाया था। साथ ही आउटलुक मैगजीन ने इसे भारत के शीर्ष 11 निजी दंत चिकित्सा संस्थानों में स्थान दिया है। एमआरईआई के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि,ह्लएमआरडीसी को परिवार कल्याण मंत्रालय की मान्यता मिलना गौरव की बात है। कॉलेज ने कई बार शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। साथ ही अत्याधुनिक अनुसंधान कार्य करते हुए ओपीडी में न्यूनतम कीमतों पर बेहतरीन इलाज देकर समाज के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता भी बनी हुई है, जोकि इसे वैश्विक मान्यता की ओर ले जा रही ह्व एमआरईआई के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने कहा कि, "यह मान्यता अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने, नवीन अनुसंधान को बढ़ावा देने, शैक्षणिक दृष्टिकोण को बेहतर बनाने बड़े पैमाने पर समाज को लाभ देने की संयुक्त प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एमआरआईआईआरएस के कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव ने आगे कहा, "एमआरआईआईआरएस के साथ एमआरडीसी की संबद्धता दंत चिकित्सा, अनुसंधान, शिक्षण विधियों में उत्कृष्टता के लिए एक साझा दृष्टिकोण से प्रेरित दो संस्थानों के बीच आपसी सहयोग को दशार्ता है।

# 6.02 ग्राम स्मैक सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम संदीप उर्फ चौड़ा(32) डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है।

# सुजल शर्मा एवं कोच निर्वेश सैनी का भव्य स्वागत किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,**
**कमाल हुसैन**
**पानीपत** बरसत रोड स्थित कराटे कोंबट जिम के खिलाड़ी सुजल शर्मा का 4 से 11 जनवरी तक दीव में होने वाली राष्ट्रीय बीच गेम्स में जिला पानीपत से पेन चेक सिलेट खेल में कांस्य पदक जीतने पर सुजल शर्मा एवं कोच निर्वेश सैनी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कराटे कॉम्बैट जिम के डायरेक्टर परमजीत विर्क, विजय जैन, पार्षद बजाज , द पानीपत अर्बन कॉपरेटिव बैंक के मैनेजर पंकज गर्ग, प्रशिक्षक मलकीत सिंह, एवं अभिभावकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर डायरेक्ट परमजीत विर्क ने बताया कि भारत में पहली



बार इन बीच गेम्स का आयोजन किया गया। जो की बहुत ही सराहनीय कदम है, इन खेलों में कुल 8 खेलों को शामिल किया गया है। जिसमें पानीपत से अकेले सुजल शर्मा का चयन हुआ था और सुजल शर्मा ने 70 से 75 किलो भार वर्ग में पेंचेक सिलट खेल में कांस्य पदक प्राप्त करके पूरे पानीपत का नाम रोशन किया है, जो की कराते कॉम्बैट जिम के खिलाड़ियों वा पानीपत वासियों के लिए बहुत ही हर्ष एवं गर्व की बात है। डायरेक्टर परमजीत विर्क ने बताया कि इससे पहले हमारे ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी कुरुक्षेत्र में हुई अखिल भारतीय कराते चैंपियनशिप में जीत का परचम लहराकर आए थे, पानीपत में सभी तरह के मार्शल आर्ट्स का यह पहला एवं सबसे बड़ा प्रशिक्षण संस्थान है। कोच मलकीत सिंह एवं महिला कोच कुमारी निवेश सैनी ने बताया कि सुजल शर्मा बहुत ही मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रयासरत है। सुजल के पिता एवं दादा ने इस अवसर पर बहुत खुशी जाहिर की एवं बताया कि सुजल का लक्ष्य ओलंपिक में मेडल हासिल करना है।

# स्नैचिंग के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**
**(मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी / लूट / स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 9 जनवरी 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल उर्फ काका, सुरेश कैशी उर्फ सूरज, आंचल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
व कुलविन्द्र निवासी चन्द्रपुरी



कालोनी थाना पडाव जिला अम्बाला को माननीय न्याया लय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री विजय सिहँ निवासी गावँ खेडी थाना टोडा भीम ने 7 जनवरी 2024 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 जनवरी 2024 को बलदेव नगर फ्लाई ओवर के पास से अज्ञात 4/5 लड़कों ने उससे पर्स, नकदी व मोबाईल फोन छीन लिया है।

# गौशालाओं में गौवंश के रखरखाव के लिए सरकार की तरफ से नहीं आने दी जाएगी कोई कमी: सुधा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र**
(दलबीर मलिक)विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि गौशालाओं में गौवंश के रखरखाव और सुविधाओं के लिए राज्य सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इन गौशालाओं में जरुरत के हिसाब से समय-समय पर ग्रांट भी वितरित की जाएगी। इस सरकार ने गौशालाओं के बजट को 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए किया है। इसके लिए गौशाला संचालक सदैव मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आभारी रहेंगे।विधायक सुभाष सुधा बुधवार को देर सायं श्री बजरंग बली गौशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने गांव बगथला स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला को 94 हजार 500 रुपए, गांव बजीदपुर की श्री गौवंश चिकित्सालय गौशाला को 1 लाख 39 हजार 700 रुपए, बारना की कान्हा गौशाला का 2 लाख 64 हजार 750 रुपए, गांव रावगढ़ की श्री सिद्ध साई नाथ गौशाला को 3 लाख 86 हजार 250 रुपए, बाहरी की महादेव सेवा समिति की गौशाला 1 लाख 78 हजार 500 रुपए, नजदीक स्थानेश्वर मंदिर जय बजरंग बली गौशाला को 3 लाख 16 हजार 500 रुपए, सनातन धर्म गौशाला को 83 हजार 250 रुपए, श्री श्याम गौशाला अमीन को 6 लाख 1 हजार 500 रुपए, श्री कृष्ण कृपा गौशाला 100 फुटा रोड को 3 लाख 90 हजार 750 रुपए और महात्मा गौवंश धाम मथाना को 6 लाख 76 हजार 500 रुपए की राशि के चेक वितरित किए। इसके उपरांत विधायक सुभाष सुधा ने श्री बजरंग बली गौशाला का अवलोकन कर गौवंश को चारा भी खिलाया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गोशालाओं को ग्रांट दिया जाना गो संवर्धन में एक मिल के पत्थर के समान है।इस मौके पर श्री बजरंग बली गौशाला के संचालक नरेंद्र वालिया, पूर्व चेयरमैन देवी दयाल शर्मा, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि आचार्य राममेहर शास्त्री, ज्योतिसर से समाज सेवी प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित थे।

# क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 ने एक आरोपी को शराब तस्करी करते किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**(हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने शराब तस्करी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मनोज उर्फ मन्नू है जो फरीदाबाद के बुडेना में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी आरोपी अपने गांव में अपने भैंसों के तबेले के पास खड़ा होकर शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को मुकेश से अवैध शराब सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 3 पेटी अवैध देशी शराब मस्ताना बरामद की गई। आरोपी से जब इसका लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।
इसके पश्चात आरोपी को खेड़ीपुल थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दूध का काम करता है और इसकी आड़ में शराब भी बेचता है।

# वैज्ञानिक व्याख्या पर दिवसीय कार्यशाला समालखा में आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**
**10 जनवरी ( कुलदीप सिह )**
हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति व शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या पर दो दिवसीय कार्यशाला शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन समालखा में आयोजित की गई । कार्यशाला के पहले दिन हरियाणा विज्ञान मंच के राज्य सचिव सतबीर नांगल ने चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या पर प्रतिभागियों को वैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में 20 प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी की। स्त्रोत व्यक्ति सतबीर नांगल ने बताया की चमत्कारों का पदार्फाश करने के लिए चार सूत्र महत्वपूर्ण है ।



जिसमें हाथ की सफाई, शारीरिक संरचना, विशेष उपकरण, रसायनो आदि के माध्यम से यह प्रयोग किए जाते हैं।
इन्हीं के माध्यम से समाज में फैली अंधविश्वास, पाखंड, जादू- टोने जैसी सामाजिक कुरितियो पर चोट की जा सकती है । उन्होंने कहा कि इन चमत्कारों के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से उनकी व्याख्या करनी अत्यंत जरूरी है। प्रतिभागियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए उन्होंने आग का खाना , आग से से नहाना, कमंडल में पानी गायब करना , भूत प्रेत को नारियल में भस्म करना आदि गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित भी किया। इन गतिविधियों के साइंटिफिक महत्व को बताते हुए समाज में फैली इन कुरीतियों के खिलाफ स्कूलों में बच्चों के साथ विज्ञान मेले आयोजित करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की अध्यक्षा शीतल, जिला सचिव वेदपाल, शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डॉक्टर शीशपाल ,वीर सिंह , निखिल , मास्टर दिनेश , रामनिवास, स्टीफन , सुनील, स्टीफन, आशीष, नंदन , सागर , सीताराम, मदनपाल छोक्कर उपस्थित रहे।

# कुश्ती के लिए बेहतर प्रैक्टिस कर पाएंगे खिलाड़ी: देवेंद्र कादियान

**रेसलिंग**

**8 - गढ़ी झंझारा के भीम अखाड़ा में देवा सोसायटी ने भेंट किया रेसलिंग मैट**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
युवाओं को नशे से दूर कर खेलों से जोड़ने के लिए देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी काम कर रही है। बुधवार को सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने गढ़ी झंझारा गांव में भीम अखाड़ा में रेसलिंग मैट भेंट किया है और नए मैट पर खिलाड़ियों की कुश्ती कराई गई। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को कादियान ने सम्मानित किया। इससे पहले स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी देवेंद्र कादियान का ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी से स्वागत किया। कादियान ने कहा कि अखाड़ा में मैट नही होने पर युवा सख्त जमीन पर प्रैक्टिस करते थे। खेलने के समय अचानक गिरने से चोट लगने का डर बना रहता था। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मैट पर अभ्यास करके खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक पहुंचेंगे। कादियान ने कहा कि उनकी संस्था देवा सोसायटी जरूरतमंद व गरीबों की मदद को लेकर काम कर रही है।
जो लोग सुविधाओं से वंचित रह जाते है वहां उनकी संस्था पहुंचकर मदद करती है। युवाओं को नशे से दूर कर शिक्षा व खेलों से जोड़ा जा रहा है। समय-समय पर मेधावी बच्चों व मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि दूसरे बच्चे उनसे प्रेरित हो। वह किसी राजनीतिक परिवार से नहीं है आम आदमी है, वह लोगों के बीच रहकर काम करना चाहते है। इस अवसर पर सरपंच पति कमल, जयभगवान, मोहमद हाजी, सोनू, नदीम, रामनिवास, अर्जुन, सुखबीर, सुमित, दिनेश, फरमान, कृष्ण कोच आदि मौजूद रहे।

# नव मतदाता भाग्य विधाता -डा. अर्चना गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
नव मतदाता ऊर्जा से भरपूर होता है । उसकी ऊर्जा प्रवाह को सही दिशा देकर उसका इस्तेमाल राष्ट्र विकास में करना चाहिए। इसके लिए नव मतदाता को सही मार्गदर्शन करना आवश्यक है। यदि ये कहा जाए की नव मतदाता राष्ट्र भाग्य विधाता तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ये बातें प्रदेश महामंत्री भाजपा डा. अर्चना गुप्ता ने जी.टी. रोड़ स्थित शहरी विधायक प्रमोद विज के कार्यालय पर कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित होने वाले नव मतदाता सम्मेलन की तैयारियों हेतु युवा मोर्चा की बैठक की संबोधित करते हुए कही।
डा. अर्चना गुप्ता ने कहा की जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भारतीय संस्कृति का परचम लहराया था। स्वामी विवेकानन्द ने हमे सफलता का मंत्र दिया था की उठो,जागो तब तक ना रुको जब तक मंजिल ना प्राप्त ना हो जाए। आज यही मंत्र नव मतदाता को बताना आवश्यक है ताकि वो भी अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण तथा भारत की संस्कृति को विश्व भर में स्थापित करने में अपना योगदान दे।
संजय भाटिया ने युवा मोर्चा के कार्यकताओं को आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में नव मतदाताओं लेकर सम्मेलन में पहुंचे।
सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी देश की आन बान शान को बढ़ा रहे है ।आज देश की विरासत ,सभयता संस्कृति का पुनर जागरण किया जा रहा। शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा की पानीपत शहरी विधान सभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में नव मतदाता सम्मेलन में पहुंचेंगे। उन्होने कहा की पानीपत में सम्मेलन को लेकर बहुत उत्साह है।
भाजपा ज़िला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि पानीपत जिला से बड़ी संख्या में नव मतदाता कुरुक्षेत्र सम्मेलन में पहुंचेंगे। उन्होने कहा की सदैव पानीपत के कार्यकर्ता संगठन सभी कार्य बड़े उत्साह से करते है।इस सम्मेलन में भी संख्या के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 11 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## उग्रवादियों को डीजीपी जीपी सिंह ने दी चेतावनी

**गुवाहाटी:** असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने असम में अंतिम बचे प्रतिबंधित विद्रोही समूह उल्फा-स्वा के ठिकानों वाले क्षेत्रों में मची अफरा-तफरी के बीच चेतावनी जारी की है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से डीजीपी सिंह ने सलाह दी है कि उल्फा-स्वा के अशांत शिविर में रह रहे कैडर शिविरों में रहने के बदले सुरक्षित तरीके से शिविर खाली करके चले आएं। डीजीपी ने उल्फा-स्वा में भर्ती होने वाले युवकों से अपील की है कि वे ऐसे माहौल में नहीं जाएं, जहां किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं है। असम के युवाओं को उग्रवादी संगठन में भर्ती होने के खिलाफ उन्होंने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इन अस्थिर शिविरों में रहने वालों को अपरिचित और खतरनाक परिवेश में अपनी सुरक्षा को खतरे में डालने के बजाय सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की दृढ़ता से सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह सलाह उन शिविरों में रह रहे युवाओं की सुरक्षा के लिए दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि उल्फा-स्वा ने दो दिन पहले म्यांमार में अपने शिविर पर ड्रोन हमले की सूचना दी थी, जिसके परिणामस्वरूप इसके दो सदस्य घायल हो गए थे। समूह का आरोप है कि तीन बम गिराए गए थे, जिनमें से दो बमों में विस्फोट हुए, जिससे लोग घायल हो गए। जबकि, तीसरे बम में विस्फोट नहीं हुआ था। उल्फा-स्वा के अनुसार यह हमला भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा किया गया था। हालांकि, इस दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया गया। भारतीय सेना की ओर से आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की गई। ऐसे मौके पर डीजीपी द्वारा उल्फा-स्वा कैडरों को दी गई चेतावनी अपने आप में एक विशेष मायने अवश्य रखती है। इसी बीच असम पुलिस ने उल्फा-स्वा प्रमुख परेश बरुवा के आवास को प्रदान की गई सुरक्षा वापस ले ली है। यह सुरक्षा बर्ष 2000 में मुहैया कराया गया था।

## आने वाला समय हिन्दी का : डा. निशंक

**हरिद्वार:** हिन्दी को राष्ट्रभाषा व संयुक्त राष्ट्र की भाषा बनाने के लिए तीर्थ नगरी हरिद्वार के ऋषिकुल विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में देश के पूर्व शिक्षा मंत्री और हरिद्वार के सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के सानिध्य में अनेक देशों के मूर्धन्य विद्वान एवं हिन्दी प्रेमीजनों ने इस सम्मेलन में शिरकत की। इस अवसर पर साहित्यकार और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.निशंक ने कहा कि हिन्दी आज विश्व में तेजी से लोकप्रिय हो रही भाषा है। आने वाला समय हिन्दी का ही है। उन्होंने कहा कि आज आजादी के 75 वर्ष बाद भी हिन्दी को अपने ही देश में जो सम्मान मिलना चाहिए, वह अभी तक नहीं मिल पा रहा है, लेकिन यह दुखद है की अंग्रेजी की मानसिकता वाले लोगों ने षड्यंत्र के तहत हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के रास्ते में रोड़े अटकाए हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व हिंदी दिवस पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने के साथ ही राष्ट्रभाषा बनाने के लिए उत्तराखंड की पावन तीर्थ भूमि हरिद्वार के मां गंगा तट से संकल्प लिया जा रहा है। वैश्विक हिन्दी परिवार के अध्यक्ष डॉ. अनिल जोशी ने कहा कि हिंदी को आज विश्व के अनेक विश्वविद्यालय में पढ़ाया जा रहा है। अब हिन्दी पढ़ने वाले दूरदराज ग्रामीण अंचल की छात्र-छात्राओं को भी अनेक अवसर उपलब्ध होंगे।

# चार लेन की हों नाथ कॉरिडोर की सड़कें: योगी

## बरेली को विशिष्ट पहचान देगा नाथ कॉरिडोर, अतिरिक्त भूमि की जरूरत हो तो तत्काल खरीदें: मुख्यमंत्री

समीक्षा

- अपनी पहचान को स्थान देना जरूरी तभी होगी वास्तविक समृद्धि: मुख्यमंत्री, परियोजना के प्रगति की समीक्षा की



**टीम एक्शन इंडिया/बरेली**
**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने नाथनगरी बरेली में निर्माणाधीन नाथ कॉरिडोर की सड़कों को चार लेन की बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि नाथ कॉरिडोर पर स्थित भूमि का व्यवसायिक उपयोग भी किया जाए, जिससे प्राधिकरण व नगर निगम की आय में भी वृद्धि हो। बुधवार को बरेली दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने यहां सर्किट हाउस में नाथ कॉरिडोर परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी शहर या जनपद जब तक अपनी पहचान को स्थान नहीं देगा तब तक वह समृद्ध नहीं हो सकता है। इसलिए बरेली की पहचान भगवान शिव को बरेली में विशेष महत्व दिया जाना बहुत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों से प्रभावित मंदिर के लोगों के साथ बैठकर आपसी सहमति से मूल मंदिर व उसके मुख्य मन्दिर के अतिरिक्त अन्य मन्दिरों को शास्त्रीय पद्धति से स्थानान्तरित किया जाए, जैसे बनारस में किया गया है और मन्दिर परिसरों को वैदिक पद्धति पर विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों को एक समान प्रकार से वैदिक वास्तुकला के आधार पर विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाथ कॉरिडोर के विकास के लिए यदि अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता हो तो तत्काल खरीद की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे- पार्किंग, पेयजल, विश्राम हेतु यात्री शेड, अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था एवं ध्वनि व्यवस्था, जूता स्टैण्ड, शौचालय आदि को मन्दिर की वास्तु कला के अनुसार विकसित किया जाए। रूद्राभिषेक, भण्डारा आदि के लिए भूतल पर हॉल का निर्माण किया जाए तथा धार्मिक अनुष्ठानों एवं कथा कर्मकाण्डों के लिए प्रथम तल पर बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन्दिरों पर वैदिक लाईब्रेरी का विकास किया जाए तथा वैदिक साहित्यों की डिजिटल फार्म में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रसाद एवं पूजन सामग्री की व्यवस्था हेतु एक समान प्रकार की क्योस्क / दुकानों का निर्माण किया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्राकृतिक एवं क्रत्रिम जल स्त्रोतों को भी विकास किया जाए। मंख्यमंत्री द्वारा यह भी निर्देश दिये गए कि शहरी क्षेत्र में नदी, तलाब आदि जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार किया जाए। रामगंगा नदी को चैनेलाइज करते हुए रिवर फ्रन्ट विकसित किया जाए तथा अमृत योजना के तहत रामगंगा नदी के जल का उपयोग शहर में पेय जल के रूप में किया जाए इससे भू-जल सुरक्षित रहेगा तथा लोगों को पर्याप्त पेय जल भी उपलब्ध होगा।

### 'स्ट्रीट वेंडरों को अनुशासित करते हुए उनका सुव्यवस्थित पुनर्वास करें'

**मुख्यमंत्री** द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि स्ट्रीट वेण्डरों को अनुशासित करते हुए उनका सुव्यवस्थित पुनर्वास किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नाथ सर्किट का डिजिटल टूरिस्ट मैप भी तैयार कराया जाए, जिससे लोगों को यह पता चल पायेगा कि वह मन्दिरों तक कैसे पहुँच सकते है। कॉरिडोर के विकास में स्थानीय लोगों को प्रमुखता से जोड़ा जाए ताकि वह कॉरिडोर से अपना भावनात्मक लगाव महसूस करें। मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में निर्देश दिए गए कि टाउनशिप में सीवेज, ड्रेनेज व ठोस अवशिष्टों के प्रबन्धन में देशी पद्धतियों का उपयोग किया जाए। एसटीपी चलाने के खर्चे बहुत अधिक होते है। यदि देशी मॉडल अपनाये जायेंगे तो खर्चों में बहुत अधिक कमी होगी। यह भी प्रयास किया जाए कि तरल व ठोस अपशिष्टों का शोधन इस रीति से किया जाए तथा उनकी रिसाइक्लिंग इस प्रकार की जाए जिससे कोई भी अपशिष्ट टाउनशिप से बाहर न जाए। गोरखपुर में इस विषय में सफल प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए कि आवासीय टाउनशिप के साथ-साथ विभिन्न औद्योगिक कलस्टर, मेडिसिटी व नॉलेज पार्क भी विकसित किये जाए। जिससे लघु उद्यमियों व सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को रोजगार भी प्राप्त हो। समीक्षा बैठक में आयुक्त, बरेली मंडल द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि नाथ कॉरिडोर परियोजना के अन्तर्गत 7 प्रमुख शिव मन्दिरों को आपस में जोड़ते हुए परिक्रमा मार्ग बनाया जाना प्रस्तावित है।

## 'मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी'



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह समारोह हमारे देवतुल्य कार्यकर्ता बंधुओं का है। भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है, हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए ऐतिहासिक बहुमत से 54 सीट दिलाई है। यह सब आप सभी की बदौलत हुआ है। इससे पहले ही हमारी तीन बार सरकार रही है लेकिन इतना वोट प्रतिशत कभी नहीं बढ़ा। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर बहुत बड़ा विश्वास किया है। मोदी जी की गारंटी पर भरोसा किया है। मैं छत्तीसगढ़ की जनता को प्रणाम करता हूं। ओम माथुर जी जब छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनकर आए तो वह कहा करते थे निश्चित ही हमारी सरकार बनी थी, हम सबने ये देखा कि यह कैसे संभव हुआ। हमारे केंद्रीय नेताओं ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं का लगातार उत्साह बढ़ाया हमारी जीत इसी का परिणाम है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि मोदी जी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बने ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय ले लिए हैं।

13 तारीख को शपथ लेने के दूसरे ही दिन 14 दिसंबर को हमने 18 लाख आवासहीन परिवारों के हित में निर्णय लिया। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन हमने 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा का बोनस जारी कर दिया है।

अभिनंदन

- जल्द ही प्रारंभ करेंगे छत्तीसगढ़ से अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि की दर्शन यात्रा: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के दूसरे भाग की समाप्ति का ऐलान

सीएम का ऐलान

- तकरीबन 11 हजार खिलाड़ियों के बैंक खातों में 8.30 करोड़ रुपए की राशि डिजिटल माध्यम के द्वारा की वितरित



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़-पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को राज्य के सबसे बड़े खेल मुकाबले खेडां वतन पंजाब दीयां के दूसरे भाग की औपचारिक समाप्ति का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य भर में हुये इन खेलों में 4.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान राज्य भर के स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के विजेता 11 हजार खिलाड़ियों के लिए 8. 30 करोड़ रुपए की इनामी राशि जारी की जो कि खिलाड़ियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी जायेगी। भगवंत सिंह मान ने इन खिलाड़ियों को उनकी सफलता के लिए मुबारकबाद देते हुये उम्मीद जताई कि यह खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में राज्य के लिए यश अर्जित करना जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल आठ उम्र वर्गों के 35 मुकाबले करवाए गए और पहली दफा इन खेलों में रगबी, सायकलिंग, घुड़ सवारी, वुशू और वॉलीबाल शूटिंग को भी शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार अंडर- 14, 17, 21, 21 से 30, 31 से 40, 41 से 55, 56 से 65 साल और 65 साल से अधिक उम्र वर्ग के मुकाबले करवाए गए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि स्वर्ण पदक विजेता को 10 हजार, रजत के लिए सात हजार और कांस्य पदक विजेता के लिए पाँच हजार की इनामी राशि समेत कुल 8. 30 करोड़ रुपए के नकद इनाम खिलाड़ियों को दिए गए।

## मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की


**गुवाहाटी: मुख्यमंत्री** डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को राज्य में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति को लेकर सभी जिला आयुक्तों (जिलाधिकारी) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 29 लाख से अधिक लोगों ने इस यात्रा का लाभ उठाया है। यह यात्रा अभी भी 16 जिलों में निकाली जा रही है। हमारा प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सभी कल्याणकारी योजनाओं की पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करना है।

## ईशनिंदा का आरोप काट दिया था प्रोफेसर का हाथ, आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/कोच्चि**
केरल में ईशनिंदा के आरोप में एक प्रोफेसर का हाथ (हथेली) काट लिए जाने के 13 साल बाद मुख्य को पकड़ लिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम के तहत अलग-अलग अपराधों में अब तक 19 आरोपियों को दोषी ठहराया जा चुका है। इनमें से तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और 10 अन्य को आठ साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

## पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को मिली बड़ी राहत, तीन मामलों में जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/अमरावती**
आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट से बुधवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को बड़ी राहत दी। हाई कोर्ट ने नायडू को तीन मामलों में जमानत दे दी। पूर्व सीएम पिछले कई महीनों से जेल में बंद चल रहे थे। जमानत देते हुए हाई कोर्ट ने उन्हें तीनों मामलों की जांच में सहयोग करने का आदेश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ इनर रिंग रोड मामला, शराब मामला और रेत नीति मामला में जांच चल रही है। हाई कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि सार्वजनिक बैठकों और मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहीं भी मामले से जुड़ी बातों का जिक्र न किया जाए।



## 'दुनिया से प्रतिस्पर्धा करने के लिए देश के लिए गुणवत्ता नियंत्रण जरूरी'



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु। कर्नाटक** हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें भारत में आयातित प्लास्टिक की गुणवत्ता जांच में हस्तक्षेप करने की मांग की गई थी। भारत सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, 5 जनवरी, 2024 से देश के तटों पर आयातित प्लास्टिक पर गुणवत्ता नियंत्रण लगाया गया है। याचिका को खारिज करते हुए गुणवत्ता नियंत्रण के लिए इसे एक आवश्यक कदम बताते हुए हाईकोर्ट ने कहा, "दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में देश तभी सक्षम होगा, यदि गुणवत्ता 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत शुरू से लेकर तैयार उत्पाद तक उभरती है। तभी देश बेहतर होगा।"

निराशा

### पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला बोले- गुलमर्ग को इतना सूखा कभी नहीं देखा

## कम बर्फबारी होने से पर्यटकों में छाई मायूसी



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**कश्मीर से** बड़ी संख्या में पर्यटक बिना बर्फबारी का अनुभव किए घर लौट आए हैं। इस सर्दी में घाटी में बर्फबारी की कमी से न केवल पर्यटन और संबंधित गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। गुलमर्ग में बर्फबारी को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने भी चिंता जाहिर की है। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 6 जनवरी 2022 और 2023 की तस्वीरों शेयर करते हुए एक्स पर बर्फबारी को लेकर निराशा जाहिर की है। वो स्कीइंग के लिए काफी उत्साहित रहते हैं, उन्होंने पहाड़ों में बर्फ की कमी पर चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मियों में घाटी के निवासियों के लिए समस्याएं पैदा हो सकती है।

**उमर अब्दुल्ला ने शेयर की पिछले और इस साल की तस्वीरें:** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि "मैंने गुलमर्ग को सर्दियों में इतना सूखा कभी नहीं देखा। इसे परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, यहां पिछले सालों की कुछ तस्वीरें हैं, दोनों 6 जनवरी को ली गई हैं। अगर यहां जल्द बर्फबारी नहीं हुई तो गर्मी दुखद होने वाली है। मेरे जैसे स्कीयरों के लिए तो कुछ भी नहीं है जो ढलान पर जाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते, लेकिन वहां स्की करने के लिए कुछ भी नहीं है।

**बर्फबारी न होने के कारण पर्यटकों में भी निराशा:** नए साल की पूर्व संध्या पर गुलमर्ग क्षेत्र में स्कीइंग और बर्फ से जुड़ी अन्य गतिविधियों का आनंद लेने की उम्मीद में बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे थे, लेकिन बर्फबारी न होने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। दिल्ली से आए एक पर्यटक ने कहा कि हमने गुलमर्ग में बर्फ का आनंद लेने के लिए 3 जनवरी से 9 जनवरी तक सात दिनों का पैकेज बुक किया था, लेकिन बर्फ नहीं है। हमने पूरे स्थान पर सफेद परिदृश्य की उम्मीद की थी, लेकिन यह उत्तर भारत के किसी अन्य क्षेत्र की तरह खाली है।

